


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 53/ अंक 131/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 19 दिसंबर 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in


## भाजपा संसदीय दल की बैठक: कुछ पार्टियां संसद सुरक्षा में सेंध की घटना का समर्थन कर रहीं, यह घातक: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संसद सुरक्षा चूक मामले पर विपक्ष को घेरा। भाजपा संसदीय दल की बैठक में उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपने स्थान पर (विपक्ष में ही) बने रहने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने संसद की सुरक्षा में सेंध मारी, कुछ दल एक तरह से उनके समर्थन में आवाज उठा रहे हैं। यह सेंधमारी की ही तरह खतरनाक है।

भाजपा की संसदीय दल की बैठक संसद लाइब्रेरी परिसर में हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में भरोसा करने वाले हर व्यक्ति को संसद परिसर में हुई घुसपैठ की घटना की निंदा करनी चाहिए, पर कुछ पार्टियां सुरक्षा चूक के मामले को सपोर्ट कर रही हैं।



### विपक्ष विधानसभा चुनाव में मिली हार से बौखलाया है

दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में संसद सुरक्षा चूक के लिए बेरोजगारी और महंगाई को दोषी ठहराया था। इसे लेकर पीएम ने कहा कि मैं नहीं समझ पा रहा हूं लोकतंत्र में भरोसा करने वाली कोई पार्टी कैसे इस घटना को सही ठहरा सकती है। पीएम ने ये भी कहा कि विपक्षी दल हालिया विधानसभा चुनावों में मिली हार से परेशान हैं और अपनी बौखलाहट में संसद की कार्यवाही में बाधा डाल रहे हैं। पीएम ने भाजपा नेताओं से संयम बरतने और लोकतांत्रिक नियमों का पालन करने को कहा।

### इंडिया ब्लॉक का टारगेट हमको हटाना है

पीएम ने कहा कि इन पार्टियों का ये आचरण सुरक्षा चूक जितना ही डरावना है। उन्होंने ये भी कहा कि इंडिया ब्लॉक का लक्ष्य हमारी सरकार को हटाना है, जबकि हमारी सरकार का लक्ष्य इस देश के लिए बेहतर भविष्य तैयार करना है। विपक्षियों के इस व्यवहार से 2024 में इनके नंबर और कम होंगे। भाजपा को फायदा होगा।

---

सांध्यप्रकाश विशेष

### इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल मिनी ऑक्शन

## पहले सेट में 7.4 करोड़ में बिके रोवमन पॉवेल अब तक सबसे महंगे

आईपीएल 2024 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी दुबई में हो रही है। इस नीलामी में सभी 10 टीमों के पास कुल 262.95 करोड़ रुपये हैं और इस पर्स से अधिकतम 77 खिलाड़ी खरीदे जा सकते हैं। गुजरात के पास सबसे ज्यादा




38.15 करोड़ और लखनऊ के पास सबसे कम 13.15 करोड़ रुपये हैं।

**रोवमन पॉवेल:** एक करोड़ बेस प्राइस वाले रोमन पॉवेल के लिए कोलकाता और राजस्थान के बीच जमकर लड़ाई हुई। अंत में राजस्थान की टीम ने उन्हें 7.4 करोड़ रुपये की कीमत पर खरीदा।

**राइली रूसो:** दो करोड़ बेस प्राइस वाले इस खिलाड़ी पर किसी टीम ने दांव नहीं लगाया। वह नीलामी में नहीं बिके।

**हैरी ब्रूक:** दो करोड़ बेस प्राइस वाले ब्रूक के लिए दिल्ली और राजस्थान के बीच काफी देर तक लड़ाई हुई और अंत में दिल्ली ने उन्हें चार करोड़ में खरीदा।

**ट्रेविस हेड:** दो करोड़ बेस प्राइस वाले ट्रेविस हेड पर चेन्नई और हैदराबाद ने दांव लगाया। अंत में सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें 6.8 करोड़ रुपये में खरीदा। हेड ने विश्व कप फाइनल में शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया को चैंपियन बनाया था।

**करुण नायर:** 50 लाख बेस प्राइस वाले करुण नायर पर किसी टीम ने दांव नहीं लगाया।

**स्टीव स्मिथ:** ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टीव स्मिथ पर भी किसी टीम ने दांव नहीं लगाया। उनका बेस प्राइस दो करोड़ रुपये था।

मनीष पांडेः 50 लाख बेस प्राइस वाले मनीष पांडे को भी कोई खरीदार नहीं मिला।

पहले सेट में कुल तीन खिलाड़ी बिके। पॉवेल को राजस्थान ने और ब्रूक को दिल्ली ने खरीदा। ट्रेविस हेड को हैदराबाद ने अपने साथ जोड़ा। अब तक पॉवेल सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। इस सेट में चार खिलाड़ियों पर बोली नहीं लगी, लेकिन आगे चलकर ये खिलाड़ी फिर नीलामी में आएंगे और इन पर बोली लग सकती है। इस बार मिनी ऑक्शन होगा क्योंकि 2022 में आईपीएल से पहले मेगा ऑक्शन हुआ था। जिसमें 2 नई टीमों लखनऊ सुपरजायंट्स और गुजरात टाइटंस को भी जोड़ा किया गया था। मेगा ऑक्शन में टीमें 4-4 प्लेयर्स ही रिटेन कर सकती है, इसलिए बहुत सारे खिलाड़ियों की जगह खाली होती है। जबकि मिनी ऑक्शन से पहले टीमें कई प्लेयर्स को रिटेन कर सकती हैं, इसमें बहुत कम खिलाड़ी बिकते हैं, इसलिए इसे मिनी ऑक्शन कहते हैं। मेगा ऑक्शन तीन साल में एक बार होता है, जबकि इन 3 सालों में हर साल मिनी ऑक्शन होते हैं।

### बीसीसीआई और आईपीएल कमेटी कराएगी ऑक्शन

बीसीसीआई और आईपीएल कमेटी मिलकर इस ऑक्शन को कंडक्ट कराएंगी। ऑक्शन के होस्ट ब्रिटेन के ह्यूज एडमीड्स हो सकते हैं, हालांकि इसे लेकर अभी तक बीसीसीआई की तरफ से कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है। उन्होंने पिछले ऑक्शन को भी होस्ट किया था। उनसे पहले रिचर्ड मैडली ऑक्शन कराते थे।

नीलामी की प्रक्रिया- जब टीमें खिलाड़ी पर बोली लगाती हैं, तो जैसे-जैसे खिलाड़ी की कीमत बढ़ती जाती है, नीलामीकर्ता उसे अनाउंस करता जाता है। आखिर में सबसे ऊंची बोली लगने पर नीलामीकर्ता हैमर को डेस्क पर पटककर सोल्ड कहते हुए उस खिलाड़ी को टीम को बेच देता है। इस तरह नीलामी की प्रोसेस कम्प्लीट होती है।

### केकेआर और दिल्ली कैपिटल्स सबसे ज्यादा प्लेयर्स पर लगाएंगी बोली

आईपीएल में इस वक्त 10 टीमें हैं। सभी फ्रेंजाइजी अपनी टीमों में 18 से 25 प्लेयर्स रख सकती हैं। इनमें ज्यादा से ज्यादा 8 विदेशी प्लेयर्स हो सकते हैं। इस वक्त कोलकाता नाइटराइडर्स (चयक्र) और दिल्ली कैपिटल्स (ष्ठष्ट) के पास सबसे कम प्लेयर्स हैं। केकेआर में 12 और दिल्ली कैपिटल्स में 9 प्लेयर्स की जगह खाली हैं। ऐसे में ऑक्शन के दौरान यही टीमें सबसे ज्यादा प्लेयर्स पर बोली लगाते नजर आएंगी।

### गुजरात टाइटंस के पास सबसे ज्यादा पर्स

लखनऊ सुपर जायंट्स के पास सबसे कम 13.15 करोड़ रुपए हैं। राजस्थान रॉयल्स के पास भी महज 14.5 करोड़ रुपए ही हैं। गुजरात टाइटंस के पास सबसे ज्यादा 38.15 करोड़ रुपए का पर्स है। चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के पास भी 30 करोड़ से ज्यादा रुपए का पर्स बाकी है।

## 5000 अमेरिकी डायमंड से बना राम मंदिर नेकलेस



सूरत के हीरा व्यापारी कौशिक काकाड़िया ने राम मंदिर की थीम पर एक नेकलेस बनाया है। इस नेकलेस में 5000 से ज्यादा अमेरिकी हीरे और 2 किलो चांदी लगाई गई है। इसे अयोध्या के राम मंदिर के लिए गिफ्ट किया जाएगा। रसेश ज्वेल्स के निदेशक काकाड़िया ने सोमवार (18 दिसंबर) को कहा- हमने अयोध्या के नए राम मंदिर से प्रेरित होकर ये नेकलेस बनाया है। इसे बिजनेस के उद्देश्य से नहीं बनाया गया है। हम इसे राम मंदिर को गिफ्ट करना चाहते हैं। रामायण के मुख्य किरदार को इस नेकलेस की स्ट्रिंग में तराशा गया है।

## डी श्रीनिवास सीबीआई के जॉइंट डायरेक्टर बने



**भोपाल।** एमपी कैडर के आईपीएस डी श्रीनिवास को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। केंद्र ने 1997 बैच के आईपीएस डी श्रीनिवास को पांच साल के लिए सीबीआई में संयुक्त निदेशक पद पर नियुक्त किया है। कार्मिक मंत्रालय ने एक आदेश जारी कर यह जानकारी दी।

---

### मप्र विधानसभा के विशेष सत्र का दूसरा दिन

## आज 21 विधायकों ने ली शपथ, नेता प्रतिपक्ष ने किया नेहरू का फोटो हटाने का विरोध







**भोपाल।** मध्यप्रदेश की 16वीं विधानसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को 21 विधायकों ने शपथ ग्रहण की। सोमवार को 207 विधायकों ने शपथ ग्रहण की थी। प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव पहले ही शपथ ले चुके हैं। छिंदवाड़ा विधायक कमलनाथ विदेश में होने के चलते इस सत्र में शामिल नहीं हो रहे हैं।

आज विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सरताज सिंह, रामदयाल अहिरवार, भगवत सिंह पटेल, कल्याण जैन, ताराचंद पटेल, रामदयाल भारद्वाज समेत दिवंगत नेताओं और विभूतियों को श्रद्धांजलि दी गई। दो मिनट के मौन के बाद सदन की कार्यवाही 20 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**डॉ. अंबेडकर का फोटो हटाकर ये गोडसे का लगाएंगे: सिंघार-** आसंदी के पीछे लगी पं. जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर हटाने पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधानसभा परिसर में कहा, डॉ. अंबेडकर के बाद ये गोडसे के फोटो लगाएंगे। नेहरू जी का फोटो हटाना महत्वपूर्ण नहीं है। महत्वपूर्ण ये है कि उनके विचार खत्म करने का प्रयास है। आगे देखिए अंबेडकर जी का फोटो हटाकर गोडसे का फोटो लगाएंगे।

### बाबा अंबेडकर संविधान निर्माता है: रामेश्वर

बीजेपी ने कांग्रेस के बयानों पर पलटवार किया है। भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि अंबेडकर का चित्र भारत के संविधान का चित्र है। संविधान निर्माता बाबा अंबेडकर हैं कि नहीं। बाबा अंबेडकर के प्रति कांग्रेस की आस्था और विश्वास है कि नहीं? अंबेडकर जी करोड़ों लोगों के आस्था के केंद्र हैं, संविधान निर्माता है।

### बाबा साहब का फोटो पहले ही लग जाना था: कृष्णा गौर

बीजेपी विधायक कृष्णा गौर ने कहा कि बाबा साहब का फोटो बहुत पहले लग जाना चाहिए था। कांग्रेस ने भीमराव अंबेडकर को स्थान नहीं दिया। भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब को उनका स्थान दे रही है।

## अपने बारे में जो सोचे वो अच्छा इंसान नहीं: शिवराज

### नड्डा से मुलाकात के बाद कहा-मैं केंद्र में भी रहूंगा, राज्य में भी रहूंगा, मेरी जिम्मेदारी पार्टी तय करेगी



**नई दिल्ली।** आज मप्र चुनाव के बाद शिवराज सिंह चौहान की भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात पार्टी कार्यालय में हुई और अल्प समय की इस मुलाकात में पार्टी अध्यक्ष की तरफ से किसी भी प्रकार का प्रेस को वक्तव्य जारी नहीं किया है और न ही कोई बाइट दी है। शिवराज ने मुलाकात के बाद मीडिया को एक गंभीर मुद्रा में कहा है कि पार्टी जहां भी और जो भी काम देगी, वो स्वीकार्य है। पार्टी के माध्यम से देश की सेवा करूंगा। पार्टी का काम मेरे लिए मिशन है। हम राज्य में भी रहेंगे, केंद्र में भी रहेंगे। अपने बारे में जो सोचे वो अच्छा इंसान नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि पार्टी को भारत के दक्षिण राज्यों में मजबूत करने के लिए दक्षिण के राज्यों की भी यात्रा करेंगे और लाडली बहनों से मेरा निजी जुड़ाव है, और मैं बहनों के साथ अपना जुड़ाव जारी रखूंगा, क्योंकि सेवा ही संकल्प है। मेरा काम पार्टी तय करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जो कहेंगे, वही करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं सीएम मोहन यादव की मदद करता रहूंगा।

## मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उज्जैन में किए महाकाल के दर्शन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में जीतू पटवारी मंगलवार को कार्यभार संभालने जा रहे हैं। वे रोड शो के साथ भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचेंगे। इसके पहले उन्होंने उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन किए। यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। उज्जैन से उनका काफिला रवाना हो चुका है।



जीतू पटवारी आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण करेंगे। इंदौर से सड़क मार्ग से रवाना हुए पटवारी का जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जा रहा है। पीसीसी में पदभार ग्रहण कार्यक्रम के लिए पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी समेत सभी वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया है। यहां पार्टी के विधायक भी मौजूद रहेंगे।

**पीसीसी कार्यालय तक रोड शो :** जीतू पटवारी उज्जैन में महाकाल के दर्शन और पूजा के बाद देवास में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। यहां से सोनकच्छ, आष्टा और सीहोर होते हुए भोपाल पहुंचेंगे। भोपाल पहुंचते ही जीतू का स्वागत किया जाएगा, जिसके बाद वह बैरागढ़, इमामी गेट बुधवारा, लिली टॉकिज, रोशनपुरा और लिंक रोड-1 से रोड शो करते हुए पदभार ग्रहण समारोह में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुचेंगे।

## संसद में हंगामा: टीएमसी सांसद ने राज्यसभा सभापति की मिमिक्री की, धनखड़ ने कहा- सद्बुद्धि दे भगवान





**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के 12वें दिन यानी मंगलवार को विपक्ष ने सांसदों के निलंबन को लेकर दोनों सदनों में हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने संसद के गेट पर भी नारेबाजी की। निलंबित टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने संसद के गेट पर राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की। इस दौरान, राहुल गांधी समेत विपक्ष के कई नेता मौजूद थे। राहुल वीडियो बनाते नजर आए।

इससे पहले संसद के शीतकालीन सत्र के 12वें दिन यानी मंगलवार को विपक्ष ने सांसदों के निलंबन को लेकर दोनों सदनों में हंगामा हुआ। इससे पहले विपक्षी नेताओं ने संसद भवन परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने तानाशाही मुर्दाबाद और मोदी सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए। हंगामे के चलते लोकसभा पहले दोपहर 12 बजे, फिर 12.30 बजे तक स्थगित कर दी। उधर, राज्यसभा की कार्यवाही भी दो बार स्थगित हुई।

### मिमिक्री पर धनखड़ नाराज; कहा- भगवान सद्बुद्धि दे

राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के मिमिक्री वाले वीडियो को लेकर सदन में नाराजगी जताई। उन्होंने सदन में कहा कि एक सांसद ने टीवी पर गिरावट की हद पार कर दी। उन्होंने कहा कि हद होती है। चैनल के सामने सदन की मर्यादा को तार-तार किया गया है। भगवान इन्हें सद्बुद्धि दे।

शीतकालीन सत्र में अब तक 92 सांसद निलंबित किए जा चुके हैं। संसद सुरक्षा चूक मुद्दे पर हंगामा करने के आरोप में 18 दिसंबर को लोकसभा से 33, जबकि राज्यसभा से 45 विपक्षी सांसदों को सस्पेंड किया गया। इससे पहले इसी मुद्दे को लेकर हुए हंगामे के बाद 14 दिसंबर को 14 सांसदों (13 लोकसभा और एक राज्यसभा) को सस्पेंड किया गया था।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ये विडंबना है कि जिस भाजपा सांसद ने दोनों घुसपैठियों को संसद भवन में घुसने में मदद की, उसे निलंबित नहीं किया गया है, जबकि इस घुसपैठ को लेकर गृहमंत्री अमित शाह से बयान की मांग करने वाले इंडिया ब्लॉक के सांसदों को निलंबित कर दिया गया है।



## गुजरात से अयोध्या- 33 साल बाद फिर रथयात्रा, ट्रस्ट ने आडवाणी-जोशी से कहा- आपकी उम्र ज्यादा, प्राण प्रतिष्ठा में न आएं

**नई दिल्ली।** 1990 के दशक की रथयात्रा की ही तरह एक और रथयात्रा गुजरात से 8 जनवरी को रामनगरी अयोध्या के लिए निकलेगी। यह रथयात्रा गुजरात-एमपी, यूपी के 14 शहरों से होते हुए 1400 किमी का सफर तय करेगी और 20 जनवरी को यह रामनगरी अयोध्या पहुंचेगी।

अहमदाबाद की राम चरित मानस ट्रस्ट-न्यूराणिप रथयात्रा आयोजित कर रही है। अयोध्या पहुंचने के बाद ट्रस्ट रामलला को 51 लाख रुपए का चढ़ावा चढ़ाएगा। इससे पहले 1990 के दशक में लालकृष्ण आडवाणी ने प्रथम पूज्य सोमनाथ ज्योर्तिलिंग धाम से अयोध्या के लिए रथयात्रा निकाली थी। रथयात्रा के बाद ही राम मंदिर आंदोलन आमजन तक पहुंचा था। उधर, राममंदिर ट्रस्ट ने 33 साल पहले रथयात्रा के सूत्रधार रहे लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी से आग्रह किया है कि वे जनवरी में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या न आएं। राम मंदिर ट्रस्ट के चंपत राय ने यह जानकारी दी। चंपत राय ने कहा कि दोनों नेताओं की उम्र काफी ज्यादा हो चुकी है। यहां ठंड भी ज्यादा है। इसलिए मैंने दोनों से निवेदन किया है कि समारोह में न आएं।

# ईदगाह हिल्स और सुभाष नगर में आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर

**विधायक विश्वास कैलाश सारंग ने सुभाष नगर में और निगम आयुक्त फ्रैंक्र नोबल ए ने ईदगाह हिल्स में आयोजित शिविरों का किया अवलोकन**

**शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं योजनाओं के लाभ लने आवेदन भी किये**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचाने के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा आयोजित ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के तहत भोपाल नगर निगम द्वारा जोन क्र. 02 के वार्ड क्र. 10 स्थित ईदगाह हिल्स वाजपेयी नगर तथा जोन क्र. 12 के अंतर्गत वार्ड क्र. 44 के सुभाष नगर में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पृथक-पृथक स्टाल्स पर नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की एवं बड़ी संख्या में योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन भी किए। पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सुभाष नगर में आयोजित शिविर के स्टाल्स का अवलोकन किया एवं नागरिकों व अधिकारियों से चर्चा की। श्री सारंग ने नागरिकों का आव्हान किया कि वे अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाये। निगम आयुक्त श्री फ्रैंक्र नोबल ए ने ईदगाह हिल्स वाजपेयी नगर में आयोजित शिविर का अवलोकन किया और अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकण करने और हितग्राहियों को सुविधापूर्ण ढंग से योजनाओं की जानकारी देने व आवेदन आदि प्राप्त करने के निर्देश दिए। उक्त अवसरों पर अपर आयुक्तद्वय श्री पवन सिंह व श्री रणवीर कुमार, सहायक आयुक्त आनंद कुमार, महापौर परिषद के सदस्य अशोक वाणी, जोन अध्यक्षद्वय विमलेश ठाकुर व श्री सूर्यकांत गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि व जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे निगम आयुक्त श्री फ्रैंक्र नोबल ए के निर्देश पर सोमवार को ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के तहत जोन क्र. 02 के अंतर्गत वार्ड क्र. 10 के ईदगाह हिल्स वाजपेयी नगर तथा जोन क्रमांक 12 के अंतर्गत वार्ड क्र. 44 के सुभाष नगर में शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें आईईसी मोबाइल वैन्स के माध्यम से योजनाओं की जानकारी आदि दी गई। शिविरों में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, पी.एम.विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्ट-अप, खेलो इंडिया, आयुष्मान भारत, सौभाग्य योजना, उजाला योजना, आर.सी.एस.उड़ान, डिजिटल भुगतान योजनाओं सहित अन्य योजनाओं एवं बैंक के पृथक-पृथक स्टाल लगाए गए थे। इन स्टाल्स पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने योजनाओं एवं ऋण संबंधी जानकारियां प्राप्त की और योजनाओं के लाभ हेतु नवीन आवेदन पत्र भी जमा किए।

# संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कैंपस ड्राइव से 49 छात्राओं का चयन



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा आदित्य बैकिंग और फाइनेंस के संयुक्त तत्वावधान में कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। बैकिंग और फाइनेंस सेक्टर में बेहतरीन करियर विकल्प के उद्देश्य से इस सफल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शुभेंद्र गुप्ता, एच.आर.हेड, धर्मेंद्र कुमार मैनेजर और आशा गिरी, निदेशक, आदित्य बैकिंग और फाइनेंस के पांच अन्य एच.आर. अधिकारी और प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी, ट्रेनिंग और प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. गीता गुवालानी भी उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरूआत शुभेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में एक प्री-प्लेसमेंट से संबंधित ज्ञानवर्धक भाषण के साथ हुई। बातचीत के क्रम में उन्होंने 'बिजनेस डेवलमेंट एक्जीक्यूटिव' और 'बिजनेस डेवलमेंट एसोसिएट' की आकर्षक जॉब प्रोफाइल को रेखांकित किया। दोनो ही पद ऑफिस से कार्य करने की सुविधा प्रदान करते है। दोनों ही पदो के पात्रता मापदंड, विविध शैक्षणिक धाराओं से स्नातक और स्नाकोत्तर उम्मीदवारों के लिए थी। संचार और इंटरपर्सनल स्किलस की सर्वोपरि भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, सम्बन्धित पदो के लिए आवश्यक योग्यताओं में उत्कृष्ट बोलने की क्षमता, टीम वर्क और दबाव को सकारात्मक रूप से लेने की क्षमता आदि शामिल थे। कार्यस्थल भोपाल शहर रहेगा। चयन प्रक्रिया में दो दौर शामिल थे- पहला समूह चर्चा और दूसरा व्यक्तिगत साक्षत्कार, जिसका संचालन धर्मेंद्र कुमार द्वारा किया गया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त कॉलेज की 49 छात्राओं का चयन प्रतिष्ठित पदों के लिए किया गया, जो कि कॉलेज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# थिंक गैस इंटर स्कूल चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मारी बाजी



**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए थिंक गैस इंटर स्कूल की तरफ से चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई। जिसकी थीम थी खुल के सांस लो। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें कक्षा आठवीं के राजवीर सोनगरा ने प्रथम, भव्य अवतानी ने द्वितीय एवं कक्षा छठवीं के कुषल आहूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व नगर का नाम रोशन किया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने इन विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे होनहार विद्यार्थियों पर मुझे व स्कूल को गर्व है, पढ़ाई के साथ-साथ ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों की छुपी हुई प्रतिभा सामने आती है और ऐसे विद्यार्थी अवश्य ही आगे बढ़ते है।

## राष्ट्र की सामाजिक, आर्थिक प्रगति महिला भागीदारी के बिना असंभवः डॉ. सोनू चौरे



**भोपाल।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महानगर-भोपाल इकाई द्वारा ग्राहक जागरण पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी ग्राहक पंचायत प्रदेश कार्यालय पर सम्पन्न हुई। जिला अध्यक्ष गगनकांत त्रिपाठी ने बताया कि प्रबुद्धजन संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉक्टर श्रीमती सोनू चौरे सहायक प्राध्यापक ने महिला सशक्तिकरण विषय पर सारगर्भित प्रभावी व्याख्यान दिया उनके साथ ही श्रीमती किरण मंसारकर ने पर्यावरण सुरक्षा का महत्व बताते हुए, पानी बचाने पर जोर देते हुए, भावी पीढ़ी में पर्यावरण हितैषी संस्कार देने के लिए मातृषक्ति को प्रेरित किया। प्रबुद्धजन संगोष्ठीका शुभारंभ प्रतिमा हरित के मधुर ग्राहक गीत प्रस्तुतीकरण से हुआ। प्रबुद्धजन संगोष्ठी में जिला अध्यक्ष (पुरूष इकाई) गगनकांत त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष (महिला इकाई) सरिता शर्मा सहित अनिल श्रीवास्तव, हरीश बारी, दीपक बाबू श्रीवास्तव, राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय लेखिका डॉ. अधिवक्ता माया मदकोरिया का लेख लंदन के पाक्षिक पेपर में प्रकाशित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



लेख आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरूपयोग पर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मतलब कृतिम बुद्धिमत्ता जिसका बनाने का उद्देश्य समाज की भलाई का था। जैसे कृषि यंत्रों से कृषि में तेजी लाना , मौसम की जानकारी से समाज को अवगत कराना और वक्त रहते सुरक्षित स्थान पर स्थापित करना, जैसे सुनामी,बाढ़ तूफान इत्यादि की जानकारी पहले मिलने से लोगो के जान माल की रक्षा हो सके। वैज्ञानिक यंत्रों से प्रत्येक क्षेत्र में लोगो का उपचार किया जाता रहा है, जिससे कि समय रहते उपचार मिल सके। इसी तरह समाज के चहुमुखी विकास के लिए यंत्रों का मनुष्य के जीवन मे तरक्की हो रही है। किसी भी देश की सुरक्षा के लिए सभी तरह के हथियारों को सरकार सुरक्षा की दृष्टि से फ़ौज को देती है, किन्तु यदि दो देश उन्ही घातक हथियारों का उपयोग दूसरे देशों को नष्ट करने के लिए युद्ध मे इस्तमाल करती है तो यह मानवीयता की खिलाफ है। जैसे कि हमास और इस्राइल के युद्ध मे देखा जा रहा है। इन कृतिम बुद्धिमत्ता पूर्ण यंत्रों का दुरूपयो मानव जाति के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। हमारे कृत्तिम बुद्धिमत्ता पूर्ण यंत्रों को समाज के विकास के लिए उपयोग करना चाहिए, इस पर सभी देशों की सहमति है । जिस पर एक मीटिंग की गई।

सभी देशों को सुरक्षित रहने के लिये एक दूसरे जा साथ कृत्तिम बुद्धिमत्ता के नए क्रांतिकारी साधनों को बहुत सावधानी से समाज की भलाई के लिए उपयोग किया जाए तो यह सबसे बड़ा वरदान साबित होगा।

# भोजपाल महोत्सव मेले में प्लेबैक सिंगर देसी डुओ बैंड की आकर्षक प्रस्तुति



**भोपाल.** भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृतिक मंच पर रविवार को प्लेबैक सिंगर देसी डुओ बैंड की बॉलीवुड नाइट में प्रकृति गिरी और ऋत्विजा ने अपनी सुमधुर आवाज का जादू बिखेरा। प्रकृति गिरी और ऋत्विजा ने रावता सांग्स से शुरुआत कर मेरा नाम चुन चुन चुन, मैं तेन्यू समझावा वे, जानम समझा करो, सतरंगा सांग सतरंगा, डांसिंग नम्बर, बॉलीवुड सांग्स और पंजाबी सांग्स की प्रस्तुति दी। बता दें कि यह दोनों कलाकार मुंबई से देसी डुओ बैंड के साथ प्रस्तुति देने भोपाल आईं थीं। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सेवा भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री रामेंद्र सिंह मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम के साथ मेला टीम ने कलाकरों के साथ दीप प्रज्जवलित कर की। रविवार को एक लाख से ज्यादा लोग मेला देखने पहुंचे। बता दें कि प्रकृति गिरी रियलटी शो अमूल स्टार वाइस ऑफ इंडिया छोटे उस्ताद 2007-08 में सेंकड रनरअप रह चुकी हैं। 16 वर्ष की उम्र में इन्हें नेपाल में सर्वश्रेष्ट महिला नवोदित पाश्र्व गायिका का पुरस्कार मिल चुका है। गिरी ने कोरिया, हांगकांग, थाईलैंड, तुर्की, सिंगापुर, दुबई सहित कई अन्य देशों में अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं। अब आपके शहर भोपाल में भोजपाल महोत्सव मेला मंच पर अपनी प्रस्तुति देने पहुंचीं। मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि मेला के सांस्कृतिक मंच पर देश भर के अलग-अलग राज्यों की कला संस्कृत, लोकगीत के साथ उभरते कलाकरों को अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए मंच दिया जा रहा है। इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों को अपना हुनर दिखाने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। मेले में रोजाना लाखों की संख्या में शहरवासी परिवार के साथ पहुंचकर मेला समिति को अपना आशीर्वाद दे रहे हैं। महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि मेले में 450 से ज्यादा स्टाल लगाए गए हैं। इन स्टालों में विभिन्न प्रकार की सामग्री उपलब्ध है। यहां घरेलू सामनों के लिए विभिन्न दुकानों के साथ ही सेल लगाए गए हैं। खान-पान के स्टालों पर अलग अलग प्रदेशों के विभिन्न अंचलों के व्यंजन का स्वाद मिल रहा है।

## सफाई व्यवस्था को उच्चस्तरीय बनाने निगम की प्रभावी कार्यवाही

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को उच्चस्तरीय बनाये रखने हेतु सभी उपलब्ध संसाधनों का व्यवस्थित ढंग से उपयोग कर शहर को स्वच्छ बनाने व सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे/मलमे आदि को स्वच्छ भारत मिशन के दिशा निर्देशों अनुसार निष्पादन करा रहा है। निगम द्वारा नागरिकों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का भी त्वरित एवं शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ निराकरण भी प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

# नवयुवक अहिरवार समाज सुधार संघ की बैठक आयोजित




**भोपाल।** नवयुवक अहिरवार समाज सुधार संघ द्वारा संत रविदास मंदिर प्रांगण नया बसेरा वार्ड 27 में आमसभा बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्वजों द्वारा 1977 में बने हुए बायलॉज में आंशिक संशोधन कर पारित किया गया साथ ही कई निर्णय लिए गए। बैठक में बताया गया कि विशाल परिचय सम्मेलन 4 फरवरी को समाज के सहयोग से आयोजित किया जाएगा आयोजन हेतु 11 सदस्य मुख्य कमेटी बैठक कर कार्यक्रम के रूपरेखा तैयार करेगी। समाज शासन के सहयोग से मंदिर निर्माण कार्य में प्रगति लाई जाएगी। 1 जनवरी 2024 से संत रविदास मंदिर प्रांगण में पार्किंग व्यवस्था पूर्ण तरह से प्रतिबंध की जावेगी इससे अव्यवस्था और मंदिर निर्माण में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है यह भी सर्व समिति से निर्णय लिया गया। संपूर्ण समाज के परिचय पत्र वोटर लिस्ट अनुसार बनाए जाएंगे। परिचय सम्मेलन के उपरांत विवाह सम्मेलन संत रविदास जयंती आयोजित की जावेगी।

# विश्वरंग 2023 महोत्सव 21 से, 50 देश, 50 सत्र और 500 प्रतिभागी करेगे शिरकत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



साहित्य, संस्कृति और कलाओं के इन्द्रधनुषी रंगों से सराबोर विश्व रंग महोत्सव 2023 अपनी व्यापक गतिविधयों के बीच 21 से 24 दिसंबर के दरमियान आयोजित किया जा रहा है। रबीन्द्रनाथटैगोर विश्वविद्यालय की मेजबानी में होने वाले इस विराट समागम मेंभारत सहितदुनिया के पचास से भी अधिक देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। पाँचवा सोपान तयकरता विश्वरंग इस बार हिन्दी अन्तरराष्ट्रीय परिदृश्य की पड़ताल करता अन्य भारतीय भाषाओं के बीच एक बड़े सांस्कृतिक संवाद का मंच बनेगा। कथाकार एवं पूर्व शिक्षा मंत्री भारत सरकार रमेश पोखरियाल निशंक समारोह का उद्घाटन करेंगे। शिक्षा संस्कृतिउत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी, विश्व हिन्दी सचिवालय की महासचिव डॉ. माधुरी रामधारी तथा वैश्विक हिन्दी संसार के अध्यक्ष अनिल जोशी सहित देश - विदेश की अनेक गणमान्य विभूतियों की उपस्थिति इस अवसर को गरिमा प्रदान करेगी। इस बार यह महोत्सव रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के विशाल प्रांगण में होगा। यहजानकारी विश्वरंग के महानिदेशक और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्व विद्यालय के कुलाधिपति शिक्षाविद् संतोष चौबे ने प्रेसवार्ता में दी। इस अवसरपर विश्वरंग केसह-निदेशकडॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, डॉ.अदिति चतुर्वेदीवत्स, श्री लीलाधरमंडलोई, श्रीमुकेशवर्मा, गेटसेट पेरेंट चिल्ड्रन लिटरेचर की कन्वीनर डॉ. पल्लवी राव चतुर्वेदी, आरएनटीयू के कुल सचिव डॉ. विजय सिंह और विश्वरंग के सांस्कृतिक समन्वयक विनय उपाध्याय ने भी गतिविधियों की जानकारी दी। संतोष चौबे ने बताया कि भाषा, साहित्य और कलाओं के साथ ही विज्ञान तथा तकनीक से जुड़े सभी अनुशासनों पर केन्द्रित विषयों के करीब 50 सत्र शामिल करतेहुए विश्व के नए उभरते मानचित्र को पहचानने की कोशिश विश्वरंग के इस पाँचवें संस्करण में होगी।

भाषा उत्सव, साहित्य उत्सव, रंगउत्सवऔर कला उत्सव के विभिन्न प्रकल्पों को रचते हुए एक बहुरंगी परिवेश निर्मित होगा। इस बार की एक विशेषता 54 देशों को शामिल करते हुए विश्व में हिन्दी रिपोर्ट का लोकार्पण होगी जो विश्व भर में हिन्दी के प्रचार प्रसार का एक आकलन पेश करेगी। जिसे वहीँ के लेखकों की मदद से तैयार किया गया हैं।उन्होंने कहा कि कला, साहित्य और संस्कृति की बहुआयामी सृजनशील दुनिया को अपने समय में होने और उसके प्रति रुचि, उन सरोकारों से जुड़ने की मंशा, अभिव्यक्ति के विभिन्न माध्यमों में मानवीय जीवन और जगत का बहुरंगी फलक उत्साह और जिज्ञासाओं को एक नये परिवेश को रचने की उत्सवी आकांक्षा है विश्वरंग।

### मरीजों को बेहतर सुविधाएं और दवाईयां उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया हमीदिया अस्पताल का निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार देर रात्रि हमीदिया चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया और डॉक्टरों को मरीजों को बेहतर सुविधाएं और समय पर दवाईयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा कर चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और औषधियों की उलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वहां मौजूद नागरिकों से आयुष्मान कार्ड तथा दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री राघवेंद्र सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक तथा नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हमीदिया चिकित्सालय के थर्ड फ्लोर स्थित एसएनसीयू एवं एमएनयू वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला पुरुष एवं बाह्य रोगी कक्ष का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहें, मरीजों को इलाज के लिए कोई परेशानी नहीं हो। सभी को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अस्पताल परिसर में भी मरीजों के परिजनों से विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अस्पताल में उपलब्ध मशीनों और आधुनिक उपकरणों का निरीक्षण किया और डॉक्टरों से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्री-टर्म नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई का निरीक्षण किया।

उन्होंने वहाँ भर्ती महिला मरीजों से चर्चा भी की। नवजात शिशुओं को देखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मरीजों के परिजनों से चर्चा कर बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमती ज्योति कुशवाह की समस्या का निराकरण करने कलेक्टर को दिये निर्देश। हामिदिया अस्पताल से निकलते समय मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ज्योति कुशवाह ने बैंक लोन रिकवरी संबंधी समस्या से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर भोपाल को कुशवाह की समस्या का उचित निराकरण कराने निर्देश दिये।

## 20 हजार करोड़ से बनेगी अटल मेडिसिटी, हर संभाग में मप्र इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में 20,000 करोड़ रूपये के निवेश का उपयोग कर मध्यप्रदेश निरामय इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन में अटल मेडिसिटी स्थापित की जायेगी। प्रत्येक संभाग में एम्स की तर्ज पर मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस स्थापित किया जायेगा। मध्यप्रदेश संकल्प पत्र 2023 में हर नागरिक को स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी दी गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश संकल्प पत्र 2023 में दी गारंटी को पूरा करने के लिए सात दिन में रोडमैप बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये हैं।संकल्प पत्र के अनुसार प्रमुख शहरों में कैंसर रोगियों के लिए पैलिएटिव केयर सेंटर स्थापित किये जायेंगे। वन लोकसभा-वन मेडिकल कॉलेज योजना के अंतर्गत हर लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जायेंगे। वन डिस्ट्रिक्ट-वन नर्सिंग कॉलेज योजना में हर जिले में नर्सिंग कॉलेज होगा। वन ब्लॉक-वन ब्लड बैंक योजना में हर ब्लॉक में ब्लड बैंक बनाये जायेंगे। एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की संख्या को दोगुना करेंगे। अस्पताल और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या को दोगुना किया जायेगा। वर्तमान में 132 प्रकार की जांच निशुल्क उपलब्ध हैं। हर दिन लगभग 10,000 मरीज लाभ उठा रहे हैं। वर्ष 2003 में 5 मेडिकल कॉलेज थे जो आज बढ़कर 24 हो गए हैं। एमबीबीएस की सीटें बढ़कर 4,000 से अधिक हो गई हैं। साढ़े तीन वर्षों में 800 से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण और विकास किया गया है। अस्पताल में बिस्तरों की संख्या 2,000 से 42,000 हो गई है और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या 10 गुना से ज्यादा बढ़ाकर 2,085 की गई है।

स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए 11,000 से अधिक हेल्थ %एंड वेलनेस सेंटर शुरू किए हैं। प्रदेश में 2,000 से अधिक एंबुलेंस उपलब्ध हैं। डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या 7 गुना से ज्यादा बढ़ाकर 51,000 से अधिक की गई है। आयुष्मान भारत के लाभार्थियों के लिये पाँच लाख से ज्यादा खर्च होने पर अतिरिक्त खर्च सीएम रिलीफ फंड से किया जायेगा। निजि अस्पतालों में अत्यधिक चिकित्सा शुल्क को नियंत्रित करने के लिये एक रेगुलेटरी अथॉरिटी की स्थापना की जायेगी। पूरे प्रदेश में 500 नये जन औषधि केंद्र शुरू किये जायेंगे। इनमें कम कीमत पर दवाइयां मिलेंगी। मेडिकल सीटों में 4,000 तक की बढ़ोतरी की गई है।

## बुन्देली वर्षान्त संगोष्ठी वोट क्लब पर होगी

**भोपाल।** अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में वर्षान्त 2023 की विषेष साहित्यिक-सांस्कृतिक संगोष्ठी ,बड़े दिन 25 दिसम्बर को, अपरान्ह 4 बजे से , राजधानी के छोटे तालाब किनारे स्थित जल क्रीड़ा केन्द्र/वोट क्लब पर, रंगारंग बुन्देली कार्यक्रमों के साथ आयोजित की जा रही है। संयोजक प्रतिपाल सिंह बुन्देला ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि उक्त विषेष समारोह के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित पद्मश्री साहित्यकार डॉ. कैलाश मड़बैया होंगे व संचालन हेमन्त तैलंग करेंगे। उक्त विषिष्ट समारोह में आमंत्रित वरिष्ठ कवि-कलाकार प्रस्तुतियाँ देंगे। विशेष रुचि रखने वाले लोग मो. 9109174226 या 9826015643 से सम्पर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम नि:शुल्क होगा।

## अनुपयोगी और खुले बोरवेल, नलकूप आदि को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**भोपाल ।** जिले में अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों, बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने संबंधी दुर्घटनाओं को रोकने के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए अनुपयोगी एवं खुले नलकूप बोरवेल, ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं को रोकने एवं नियंत्रण की कार्यवाही के लिए संपूर्ण भोपाल जिले की राजस्व सीमाओं में आगामी आदेश पर्यन्त तक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि भोपाल जिले के समस्त अनुपयोगी एवं खुले नलकूप बोरवेल / ट्यूबवेल की जानकारी एकत्रित कर उन्हें सुरक्षित रूप से बंद करने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित किया जाए। जिले की सीमा क्षेत्रांतर्गत जिन बोरवेल का उपयोग नही किया जाता है, या जिन बोरवेल में मोटर नही डली है। जिनमें बोर केप नही लगा हुआ है, समस्त खुले बोरो में बोर केप संबंधित मकान मालिक / किसान/संस्था को लगवाये जाने हेतु आदेशित किया है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग भोपाल द्वारा शासन के निर्देशानुसार एक पोर्टल विकसित किया जावे उक्त पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत/जनपद पंचायत/ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों में संबंधित नगर पालिक निगम / नगरीय निकाय द्वारा नवीन नलकूप खनन की जानकारी, नलकूप खनन मशीनों का पंजीयन, नलकूप खनन करने वाले ठेकेदारों की जानकारी तथा अनुपयोगी योगी एवं खुले नलकूपों की जानकारी संधारित की जाएगी तथा इसकी मॉनीटरिंग की जाए।

## जनकल्याणकारी कार्यक्रम और विकास योजनाएं विधिवत जारी रहेंगी, बजट की कोई कमी नहीं

**भोपाल ।** प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी कार्यक्रम और विकास योजनाओं के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। सभी जनकल्याणकारी कार्यक्रम और विकास योजनाएं विधिवत जारी रहेंगी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और विकास योजनाओं में कटौती या बंद होने की भ्रामक खबरें प्रसारित हो रही है जो पूर्णत: असत्य है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर योजनायें बंद होने संबंधी खबरें पूरी तरह भ्रामक एवं असत्य है।

## 15 जनवरी तक समस्त वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य

**भोपाल ।** मोटरयान नियमों के अनुसार समस्त प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाई जाना आवश्यक है। जिसके पालन में प्रदेश में पूर्व में लिंक उत्सव कम्पनी द्वारा वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने के लिए अधिकृत किया गया था परंतु सन् 2014 में उक्त कम्पनी का अनुबंध निरस्त कर दिया जाने के कारण प्रदेश में वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने का कार्य नहीं किया जा पा रहा था। केन्द्र सरकार द्वारा सन् 2019 में बनाये गये नियमों के अनुसार 01 अप्रैल 2019 के उपरांत बेचे गए वाहनों में डीलर द्वारा ही तीसरे रजिस्ट्रेशन चिन्ह सहित एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाई जा रहीं है।जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी दी कि पूर्व विकृित वाहनों में भी एच एस आर पी नंबर प्लेट लगाये जाने के लिए संबंधित डीलर, वाहन निर्माता को अधिकृत किया गया है। जारी निर्देश के तहत अब 01 अप्रैल, 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर एच एस आर पी नंबर प्लेट लगाई के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। जिसके तहत वाहन स्वामी सियाम (सोसायटी ऑफ इण्डियन ऑटोमोबाइल मन्यू फैक्चरर्स) के पोर्टल पर ऑनलाईन अथवा संबंधित वाहन विक्रेता के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जहां पर वाहन की श्रेणी के अनुसार निर्धारित शुल्क रू.500 से रू.1000 तक ऑनलाईन ही जमा करना होगा तथा अपनी सुविधा के अनुसार एच एस आर पी नंबर प्लेट लगवाने के लिए नजदिकी डीलर का चुनाव एवं समय प्राप्त करना होता है। आवेदक को एस एम एस के द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर निर्धारित समय पर डीलर के पास वाहन ले जाकर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवायी जा सकती है।

## मुख्यमंत्री दुधारु पशु प्रदाय कार्यक्रम में गाय के साथ भैंस भी शामिल

**भोपाल।** राज्य शासन ने मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय कार्यक्रम" के रूप में लागू किया है। कार्यक्रम में अब हितग्राही की मंशा अनुसार दुधारू गाय के अलावा भैंस भी प्रदाय की जा सकेगी। साथ ही इसका लाभ अब विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के साथ सहरिया और भारिया को भी मिलेगा। जनजातियों की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए हितग्राही अंशदान की राशि 25 प्रतिशत से घटा कर 10 प्रतिशत कर दी गई है। पशुपालकों को प्रति 2 दुधारू पशु गाय/भैंस दी जाएगी। कार्यक्रम में 90 प्रतिशत शासकीय अनुदान और 10 प्रतिशत हितग्राही अंशदान होगा। क्रय किये गये सभी पशुओं का बीमा होगा। मिल्क रूट और दुग्ध समितियों का गठन मध्यप्रदेश दुग्ध महासंघ और पशुपालन विभाग द्वारा किया जायेगा।

## विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए होगी प्रशिक्षण की व्यवस्था

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जारी जनकल्याण और विकास की योजनाओं का क्रियान्वयन हमारी डबल इंजन की सरकार निरंतर प्रभावी रूप से कर रही है। विधानसभा निर्वाचन 2023 में प्रदेशवासियों ने विकास के प्रति जो विश्वास व्यक्त किया है, उससे संवैधानिक संस्थाओं का मान और विश्वास बढ़ा है।

हमारा प्रयास है कि प्रशासन का विकेंद्रीकरण हो, अर्थात जिले पर जिला स्तरीय इकाई, संभाग पर संभाग स्तरीय इकाई और प्रदेश स्तर पर प्रदेश स्तरीय इकाई, विकास गतिविधियों के धरातल पर क्रियान्वयन में नीचे अपना श्रेष्ठतम योगदान दें। नवनिर्वाचित विधायक और मंत्रिपरिषद के सदस्य अपनी भूमिका अधिक प्रभावी तरीके से निभा सकें, इसके लिए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीअन्न (मोटे अनाज) के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश में सांस्कृतिक अभ्युत्थान का पर्व चल रहा है। हम भगवान बाबा महाकाल के साथ-साथ ओरछा, सलकनपुर और मैहर में महालोक निर्माण के लिये रोड मैप बना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का स्वागत करते हुए मीडिया से अपेक्षा की कि मीडिया प्रतिनिधि रचनात्मक व सृजनात्मक भूमिका निभाएंगे तथा विकास और प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपना सकारात्मक योगदान देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश विधानसभा परिसर में मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा समृद्ध विधायक समूह निर्वाचित होकर आया है, जन कल्याण और विकास को समर्पित मंत्रिमंडल का शीघ्र ही गठन किया जाएगा।

## हिंदी भाषी छात्रों के लिए द्विभाषी फिजियोलॉजी पुस्तक का एम्स में अनावरण



**भोपाल ।** एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने शरीर क्रिया विज्ञान पर हिंदी और अंग्रेजी में लिखी एक द्विभाषी पुस्तक का संस्थान में विमोचन किया। एम्स भोपाल के डॉ. वरुण मल्होत्रा, डॉ. आशीष कुमार दीक्षित, डॉ. दानिश जावेद और शारदा विश्वविद्यालय की प्रोफेसर एम शोबिता द्वारा लिखित इस पुस्तक का उद्देश्य हिंदी भाषी छात्रों की जरूरतों को पूरा करना है। प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने इस महत्वपूर्ण पुस्तक का अनावरण करने पर प्रसन्नता व्यक्त की, जो विशेष रूप से हिंदी में अधिक सहज छात्रों के लिए लिखी गयी है। उन्होंने एक संभावित बाधा के रूप में भाषा की मान्यता पर प्रकाश डाला और भाषाई बाधाओं को तोड़कर समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने में पुस्तक की भूमिका पर जोर दिया। इस द्विभाषी पुस्तक का उद्देश्य छात्रों की फिजियोलॉजी की समझ को मजबूत करना, आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना और नैदानिक तर्क कौशल को परिष्कृत करना है। प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने पुस्तक के पीछे समर्पित टीम को बधाई एवं शुभकामनायें दी और छात्रों को भाषा की बाधाओं को पार करते हुए इस पुस्तक को अपनाने के लिए आमंत्रित किया। कार्यपालक निदेशक का दृष्टिकोण एम्स भोपाल में चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्टता हासिल करना है, और यह द्विभाषी फिजियोलॉजी पुस्तक उस लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करती है।

## ढाई दिन में बिजली कनेक्शन देना सराहनीय : प्रमुख सचिव दुबे

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के कार्यक्षेत्र में घरेलू उपभोक्ताओं को ढाई दिन में नये बिजली कनेक्शन दिये जा रहे हैं। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि पूरे देश में घरेलू कनेक्शन देने में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की यह सबसे बड़ी उपलब्धि है। कंपनी कार्यक्षेत्र का बैतूल जिला प्रदेश का ऐसा पहला जिला है जहाँ ढ़ाई दिन से भी कम समय में घरेलू उपभोक्ताओं को नये कनेक्शन दिये जा रहे हैं। बिलिंग की शिकायतों का निराकरण नियमानुसार निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए अतिशीघ्र किया जाए। यह बात आज यहाँ गोविन्दपुरा स्थित कंपनी मुख्यालय के सभागार में प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री संजय दुबे ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों की विद्युत वितरण व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान कही। बैठक में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी प्रबंध संचालक श्री गणेश शंकर



मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रमुख सचिव श्री दुबे ने निर्देशित किया कि बिजली चोरी बहुल क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए तथा बकाया राशि की वसूली सघनता से की जाए ताकि आगे आने वाले तीन माहों में सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों (एटीएण्डसी) को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। उन्होंने खराब तथा जले मीटरों को बदलने के लिए एक अभियान चलाने की जरूरत बताई और निम्नदाब के गैर घरेलू तथा औद्योगिक पॉवर श्रेणी के खराब तथा जले मीटरों को प्राथमिकता के आधार पर बदलने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में बिलिंग दक्षता शत-प्रतिशत होना चाहिए और प्रत्येक यूनिट का मूल्य वसूला जाना चाहिए। उन्होंने राजस्व संग्रहण दक्षता बढ़ाने के भी निर्देश दिये।प्रमुख सचिव ने कहा कि बिजली चोरी पकड़ने के प्रकरणों में डिजिटल पंचनामे बनाये जाएं और बिलिंग रियल टाईम आधार पर की जाए।

# नवनियुक्त कृषि विस्तार अधिकारियों का अध्ययन भ्रमण और खेत पाठशाला

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बरखेड़ी कलाँ भोपाल में ट्रेनिंग कर रहे विभाग के 62 नवनियुक्त कृषि विस्तार अधिकारियों ने सीहोर जिले के बरखेड़ा खरेट ग्राम स्थित एनआरसीई पुनर्योजी कृषि केंद्र का भ्रमण कर खेत पाठशाला में प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन्हें विभागीय अधिकारियों एवं विशेषज्ञों के साथ सॉलीडेरीडॉड संस्था के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। संचालक राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीएट) श्री के.पी. अहरवाल की विशेष उपस्थिति में प्रशिक्षणार्थियों को केंद्र में निर्मित पोषण वाटिका, गेबियन संरचना, गेहूं, अरहर, मटर, मसूर एवं फल तथा सब्जियों के फसल प्रदर्शन प्लॉट के माध्यम से



पुनर्योजी कृषि से संबधित जानकारी दी गई। इन फसलों में उपयोग की गई उन्नत तकनीकी के बारे में भी विशेषज्ञों द्वारा जानकारी भी दी गई। खेत पाठशाला में शेड नेट में उगाई जाने वाली स्ट्राबेरी की फसल का प्रदर्शन भी प्रशिक्षार्थियों ने पूरी तन्मयता से देखा। जैविक खादों के निर्माण की प्रक्रिया तथा मृदा को समृद्ध बनाने वाली तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया गया। सॉलीडेरीडॉड विशेषज्ञों द्वारा स्मार्ट कृषि की अवधारणा तथा पुनर्योजी खेती के मानक स्तर एवं प्रमाणीकरण पर भी प्रकाश डाला गया। खेत पाठशाला में प्रगतिशील किसानों तथा पुनर्योजी कृषि अपनाने वाले किसानों ने भी अपने अनुभव प्रस्तुत किये। प्रशिक्षार्थियों की जिज्ञासाओं तथा तकनीकी प्रश्नों के उत्तर भी विशेषज्ञों द्वारा दिये गए। स्मार्ट कृषि तथा पुनर्योजी खेती के विशेषज्ञों में सोलीडरीडाड संस्था की ओर से प्रमुख रूप से डॉ. अनिल खरे, श्री रवि जायसवाल, सुश्री मिली घोष, श्री हृदयेश, सुबोध सहस्त्रबुद्धे भी सम्मिलित हुए। संचालक के.पी. अहरवाल ने बताया कि सीएट ने सॉलीडेरीडॉड संस्था के साथ मिलकर कृषि अधिकारियों तथा किसानों के प्रशिक्षण हेतु विस्तृत कार्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया है। इस श्रृंखला में कृषि अधिकारियों के विभिन्न प्रशिक्षणों के अलावा एफपीओ तथा सीबीबीओ के लिए कार्यशाला का आयोजन भी किया जा चुका है। सोलीडरीडाड संस्था के महाप्रबंधक डॉ. सुरेश मोटवानी ने बताया कि पुनर्योजी कृषि आज के समय की मांग है। एनआरसीई पुनर्योजी कृषि केंद्र में नव नियुक्त कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा बारीकी से पुनर्योजी कृषि को समझा गया है जो कि प्रदेश के कृषि के विकास के लिए अच्छा संकेत है।

स म्पा द की य

# अमेरिकी आयोग की सिफारिश

अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग की यह सिफारिश उसके इरादों पर तो गंभीर सवाल खड़े करती ही है कि भारत को विशेष चिंता वाले देश के रूप में नामित कर उस पर प्रतिबंध लगाए जाएं। इसमें उसके भारत के प्रति पूर्वाग्रह भी साफ झलकते हैं। लेकिन कहीं न कहीं भारत को भी ऐसे मामलों को लेकर गंभीरता का परिचय देना होगा। हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी सोच को थोड़ा और बदलें, तो शायद ओर बेहतर होगा।

हालांकि आयोग ऐसी बातें पहले भी कर चुका है, लेकिन उसकी ताजा सिफारिश उसके अपने मानकों के अनुरूप नहीं दिखती और चौंकाने वाली है। अमेरिकी आयोग ने इस बार अपनी सिफारिश का आधार उन आरोपों को बनाया है, जिनकी सचाई की कहीं से भी पुष्टि नहीं हुई है। निज्जर हत्याकांड और पन्नू की हत्या की कथित साजिश से जुड़े आरोप भारत विरोधी तत्वों की ओर से बार-बार उछाले जा रहे हैं, लेकिन इसमें पुरानी बातों का दोहराव भर है। इन्हीं बातों को आधार बनाते हुए आयोग ने अपनी पुरानी सिफारिश एक बार फिर आगे कर दी है।

अमेरिकी आयोग की यह जल्दबाजी इसलिए भी समझ में नहीं आती कि इन मामलों की तीन देशों कनाडा, अमेरिका और भारत- में जांच अलग-अलग स्तरों पर चल रही है, और कहीं भी यह तार्किक परिणति तक नहीं पहुंची है। विशेषज्ञ बताते हैं कि अमेरिकी आयोग का यह रुख कोई नई बात नहीं है। यह अपनी पिछली तीन सालाना रिपोर्टों में भारत के खिलाफ ऐसी ही सिफारिश कर चुका है। भारत सरकार तो उसकी इन रिपोर्टों को खारिज करती ही रही है, खास बात यह है कि अमेरिकी सरकार ने भी इसे तवज्जो देना जरूरी नहीं समझा। मगर इस बार दिखाई गई हड़बड़ी इन आरोपों को और मजबूत बना देती है कि इसकी रिपोर्टों के पीछे भारत विरोधी पूर्वाग्रह की बड़ी भूमिका है।

भारतीय मूल के पांच अमेरिकी सांसदों के बयान को भी इसी संदर्भ में देखना होगा। हालांकि डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े इन सांसदों का बयान बाइडन प्रशासन की ब्रीफिंग पर आधारित है, फिर भी उनका यह कहना महत्वपूर्ण है कि यह मामला भारत-अमेरिका रिश्तों के लिए खतरा बन सकता है।

जिस तरह से भारत विरोधी तत्व इस मामले को उठा रहे हैं, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि मामले की सचाई चाहे जो भी हो, इसकी आड़ में दोनों देशों के रिश्ते को बिगाड़ने की मंशा भी काम कर रही है। ऐसे में यह और जरूरी हो जाता है कि मामले को इस तरह से निपटाया जाए जिससे सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। यानी मामला हल भी हो जाए और रिश्ता बिगाड़ने के मंसूबे पालने वालों को सही संदेश भी चला जाए।

ऐसे मामलों को दोनों देशों को बहुत गंभीरता से और सावधानीपूर्वक देखना चाहिए। भारत आजकल हालांकि अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय सिफारिशों या सर्वेक्षणों को नजरअंदाज करने की रणनीति अपना रहा है, लेकिन यह बहुत उचित नहीं कही जा सकती। हर सिफारिश या हर सर्वे भारत के खिलाफ साजिश हो, यह भी नहीं माना जा सकता। इसलिए हमें अपनी रणनीति पर भी पुनर्विचार करना चाहिए। अमेरिका को लेकर तो शुरू से ही यही मान्यता रही है कि वह पूरी तरह से व्यावसायिक देश है और केवल व्यावसायिक आधार पर ही रिश्ते बनाता है। उसे केवल धंधा करना है, किसी देश का भला हो या बुरा, इससे उसका कोई लेना-देना नहीं। इसलिए हमें बहुत सावधानीपूर्वक चलना होगा। रिश्ते भी बने रहें और हमारे देश की संप्रभुता खतरे में न पड़े।

# मप्र में कमलनाथ के धुर विरोधी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**हरीश दिवेकर**

अब जय वीरू का क्या होगा? जय वीरू यानी कि कमलनाथ और दिग्विजय सिंह। जिनका दोस्ताना वैसे तो बहुत पुराना है, लेकिन पक्की जोड़ी बनकर काम शुरू किया साल 2018 से। जब कांग्रेस ने पंद्रह साल पुरानी बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंका। लेकिन दल बदल ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। उसके बाद ये जोड़ी 2020 के उपचुनाव में भी कमर कस कर लड़ी और फिर हालिया चुनाव में भी साथ दिखने की पूरी कोशिश करती रही। आलाकमान ने दो मौके दिए, दोनों पर ही ये जोड़ी खरी नहीं उतरी। जिसके बाद इसे मध्यप्रदेश की सत्ता से फिलहाल बेदखल कर दिया गया है। हो सकता है बीजेपी की तर्ज पर ये जोड़ी अब मार्गदर्शक मंडल का हिस्सा बनी नजर आए।



**3 नए चेहरों ने कांग्रेस एक पीढ़ी की राजनीति छुट्टी कर दी**

इन दोनों की बेदखली से ज्यादा गौर करने वाली बात ये है कि इनकी जगह कांग्रेस ने जिन चेहरों को अब कमान सौंपी है वो दिग्गी और कमलनाथ के धुर विरोधी रहे हैं। कांग्रेस के नए नवेले अध्यक्ष जीतू पटवारी सत्ता में रहते हुए और सत्ता छूटने के बाद भी मुखर रहे और कमलनाथ के विरोधी भी माने गए। यही हाल उमंग सिंगार का है। जो नेताप्रतिपक्ष बने हैं। जिनके तेवर कम से कम दिग्विजय सिंह के खिलाफ वैसे ही रहे जैसे उनकी बुआ जमुना देवी के रहते थे। उपनेता प्रतिपक्ष के पद पर अब हेमंत कटारे काबिज हुए हैं। इन तीन नए चेहरों के साथ कांग्रेस ने एक पीढ़ी की राजनीति की मध्यप्रदेश से छुट्टी कर दी है। जिसमें कमलनाथ और दिग्विजय सिंह तो शामिल हैं ही जीत चुके अजय सिंह को भी कोई पद नहीं मिला है। जबकि वो पहले नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। उनके अलावा अरूण यादव जो पहले कांग्रेस पार्टी की कमान संभाल चुके हैं उनका तजुर्बा भी हाशिए पर है। कांग्रेस का ये फैसला सोचने पर मजबूर करता है कि क्या अब कांग्रेस में भी क्षत्रपों की राजनीति का अंत हो रहा है।

क्या कांग्रेस समझ चुकी है कि अपने खिलाफ एंटीइंकंबेंसी खत्म करनी है तो बीजेपी की तरह ही नए चेहरों को आगे लाना होगा। जयवर्धन या नकुलनाथ या सचिन यादव को कोई पद न देकर क्या कांग्रेस भी परिवारवाद की छवि से उभरने की कोशिश कर रही है।

**जीतू पटवारी और उमंग सिंगार आंदोलन से पीछे नहीं हटे**

बीजेपी के बीस साल के शासन के सामने बार बार नाकाम रहने वाली कांग्रेस ने देर से ही पर सख्त फैसला ले ही लिया है। जिसमें ये भी साफ नजर आता है कि इस बार कमलनाथ या दिग्विजय सिंह की बिलकुल नहीं चली। अगर चली होती तो शायद पहली पसंद बेटे होते या फिर सज्जन सिंह वर्मा सरीखे करीबी किसी पद पर काबिज नजर आते। उससे इतर कांग्रेस ने दोनों ही नेताओं के विरोधियों को ये पद सौंप दिए हैं। जीतू पटवारी और उमंग सिंगार उन नेताओं में से एक हैं जो विधानसभा में मुखर रहे हैं तो आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटे। शायद बीजेपी सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस को इसी तरह एग्रेशन की जरूरत है।

**हेमंत कटारे को इस मामले में खुद को साबित करना है**

इस मामले में जीतू पटवारी के आंदोलनजीवी होने पर कोई संदेह नहीं। उमंग सिंगार भी गाहे बगाहे मुखर होते रहे हैं लेकिन जमुना देवी वाला स्पार्क उन्हें दिखाने की जरूरत होगी। हालांकि, हेमंत कटारे को इस मामले में खुद को साबित करना है, लेकिन वो चंबल के प्रतिनिधि तो माने ही जा सकते हैं। इसी बात को और आगे बढ़ाते है। बात करें अंचल की तो कांग्रेस ने इस बार मालवा अंचल को खासी तवज्जो दी है। ये रणनीति सोच समझ कर तैयार की गई नजर आती है। बीजेपी में मालवा, कैलाश विजयवर्गीय का गढ़ रहा है। जो अब एक बार जबरदस्त जीत के साथ विधानसभा में पहुंचने वाले हैं। अब राऊ सीट के जीतू पटवारी अध्यक्ष बनाए गए हैं।

कांग्रेस ने ग्वालियर चंबल की भी कद्र की है

उमंग सिंगार का नाता भी मालवा से ही है। वो धार की गंधवानी सीट से चुनाव जीतते आए हैं। इसके बाद कांग्रेस ने ग्वालियर चंबल की भी कद्र की है। इस अंचल से हेमंत कटारे को मौका मिला है। पहले ये जिम्मा दिग्विजय सिंह के करीबी गोविंद सिंह के पास था। इन चेहरों के साथ नई पीढ़ी को मौका देने और अंचलों का समीकरण साधने के साथ ही कांग्रेस जातीय समीकरण का तालमेल बिठाने की भी पूरी कोशिश में है। जीतू पटवारी हक्ष्ट समाज से आते हैं, जबकि उमंग सिंघार आदिवासी समाज से हैं, और हेमंत ब्राह्मण समाज से हैं।

**जय वीरू की जोड़ी इस नई जोड़ी के लिए मुश्किल बन सकती है**

नई पीढ़ी को कांग्रेस ने मौका तो दिया है लेकिन राह आसान नहीं है। कांग्रेस की गुटबाजी अगर हावी होती है तो तजुर्बेकार जय वीरू की जोड़ी इन नई जोड़ी की मुश्किल बन सकती है। जय वीरू के जवाब में अगर करण अर्जुन बनना है तो एक दूसरे का साथ मजबूती से थामना होगा। वैसे दोनों ही युवा हैं, मालवा से ताल्लुक रखते हैं और अरसे से अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे थे। अब इस एग्रेसिव युवा पीढ़ी के हाथ में पूरी तरह से पार्टी की कमान है। खुद को साबित करने का भरपूर मौका है। शायद बीजेपी सरकार के खिलाफ मुद्दे भी जोरशोर से उठा सें, लेकिन उससे पहले हो सकता है पार्टी के भीतर की ही लड़ाई लड़ना पड़े। क्योंकि नए चेहरों को आगे कर खुद कांग्रेस ने अपने क्षत्रपों को उनके सामने खड़ा कर दिया है। कलमेश्वर पटेल और संसदीय जानकारी रखने वाले राम निवास रावत भी फिलहाल खाली हाथ हैं। हारे तो कमनलाथ के करीबी सज्जन सिंह वर्मा भी हैं। क्या जीतू पटवारी की तरह उनका भी कोई रिहेबिलिटेशन होगा। ये भी बड़ा सवाल है। अरूण यादव और अजय सिंह भी किसी लिस्ट का हिस्सा नहीं है।

**देखना है इस नई जोड़ी की आवाज कितनी बुलंद होगी**

दो हार के बाद कमलनाथ का ग्राफ भी पार्टी में बहुत नीचे जा चुका है। खबर है कि उन्हें भी कोई पद मिलना मुश्किल है। दिग्विजय सिंह फिलहाल शायद राज्यसभा सदस्य बने रहें, लेकिन उसके बाद उन्हें भी कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलती नहीं दिखाई दे रही। अब देखना ये है कि जीतू पटवारी जितनी हिम्मत से कमलनाथ के सामने खड़े रहे, अकेले पड़े लेकिन हारे नहीं क्या अब इस पद पर आकर वो उसी एनर्जी के साथ कांग्रेस को जिंदा रख सकेंगे। और, उमंग सिंगार जिनके उसूलों पर आंच आई तो दिग्विजय सिंह की सरेआम मुखालफत करने से नहीं चूके, क्या वो बीजेपी की बीस साल पुरानी सरकार के सामने उतनी बुलंद आवाज में नारे लगा सकेंगे।

जो कार्यकर्ता अब तक सिर्फ दिग्विजय सिंह की आवाज पर एकजुट होते थे क्या जीतू पटवारी उनमें नया जोश भर पाएंगे? जिस विधानसभा में कांग्रेस के चुनिंदा पुराने विधायक मौजूद होंगे वहां 163 भाजपाइयों के बीच क्या उमंग सिंगार की आवाज सुनाई देगी?

**कांग्रेस की इस नई जोड़ी को बहुत कुछ करके दिखाना है**

कांग्रेस के नए करण अर्जुन के लिए चुनौतियां बहुत हैं। लड़ाई अपने घर से शुरू करनी है और दूसरे गढ़ में सेंध लगाना है जो जय वीरू की गाढ़ी दोस्ती, पुराना तजुर्बा नहीं कर पाया। वो इस नई जोड़ी को करके दिखाना है। इन्हें परखने के लिए फिलहाल लोकसभा का चुनाव बहुत जल्दबाजी होगा। पर, पांच साल का पूरा वक्त अब इनके हाथ में है। फिर इनकी कामयाबी तय करेगी कि क्या वाकई कांग्रेस क्षत्रपों की और परिवारवाद की राजनीति से उभरने में कामयाब रही है।

# जानलेवा माइक्रोप्लास्टिक अब पहाड़ की चोटी तक

**-राकेश दुबे**

माइक्रोप्लास्टिक पर्यावरणीय नुकसान के अलावा, हृदय और फेफड़ों के स्वास्थ्य तथा कैंसर जैसे रोगों के लिए ज़िम्मेदार है और ये अब ये प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। पश्चिमी प्रशांत महासागर स्थित 11 किलोमीटर गहरी मारियाना ट्रेंच से लेकर माउंट एवरेस्ट की चोटी तक, पृथ्वी पर लगभग सभी जगह माइक्रोप्लास्टिक पाए गए हैं।

अब एक नवीन अध्ययन से पता चला है कि प्लास्टिक के छोटे-छोटे टुकड़े हमारे बादलों में भी मौजूद हैं और वे हमारे द्वारा खाए और पिए जाने वाली लगभग हर चीज को दूषित कर सकते हैं। जापान में शोधकर्ताओं ने माउंट फूजी और माउंट ओयामा पर चढ़ाई की और उनकी चोटियों पर छाई धुंध के पानी में माइक्रोप्लास्टिक पाया।

इस अध्ययन के प्रमुख लेखक हिरोशी ओकोची ने कहा, अगर प्लास्टिक वायु प्रदूषण के मुद्दे से सक्रिय रूप से नहीं निपटा गया, तो जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिक जोखिम एक वास्तविकता बन सकते हैं। इससे भविष्य में अपरिवर्तनीय और गंभीर पर्यावरणीय क्षति हो सकती है। अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बादलों से पानी इकट्ठा करने के लिए माउंट फ़ूजी और माउंट ओयामा पर चढ़ाई की। फिर उन्होंने नमूनों के भौतिक और रासायनिक गुणों को निर्धारित करने के लिए उन पर उन्नत इमेजिंग तकनीक लागू की। शोधकर्ताओं ने हवा में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक में अलग-अलग प्रकार के नौ पॉलिमर और एक प्रकार के रबड़ की पहचान की, जिनका आकार 7.1 से 94.6 माइक्रोमीटर तक है। बादल के प्रत्येक लीटर पानी में प्लास्टिक के 6.7 से 13.9 टुकड़े पाए गए।

वायुमंडल में इसके अलावा 'हाइड्रोफिलिक' या जल-प्रेमी पॉलिमर भी प्रचुर मात्रा में थे। शोधकर्ताओं के अनुसार, इससे पता चलता है कि ये कण तेजी से बादल बनने की प्रक्रिया में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार जलवायु प्रणालियों में उनका योगदान महत्वपूर्ण होता हैं। ओकोची ने कहा, जब माइक्रोप्लास्टिक ऊपरी वायुमंडल में पहुंचते हैं और सूरज की रोशनी से पराबैंगनी विकिरण के संपर्क में आते हैं,तब उनमें क्षय होने लगता है। इससे ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि होती है।

माइक्रोप्लास्टिक हाल के वर्षों में सुर्खियों में आए हैं,क्योंकि उनके अनुचित निपटान के परिणामस्वरूप कई टन कचरा समुद्र में पहुंच गया है। हर साल प्लास्टिक कचरे की बहुत बड़ी मात्रा का पुनर्चक्रण नहीं होता। इसका मतलब यह है कि वह समुद्री पारिस्थितिक तंत्र में मिल रहा है। कणों के अलग-अलग आकार के कारण वर्तमान जल प्रणालियां माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को प्रभावी ढंग से फिल्टर करने में असमर्थ हैं। प्लास्टिक हजारों वर्षों तक नष्ट नहीं होता और अनुमान है कि महासागरों में पहले से ही प्लास्टिक की लाखों वस्तुएं मौजूद हैं।

भविष्य में यह संख्या और भी बढ़ेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के लिए कठोर कदम नहीं उठाए गए तो दुनिया के महासागरों में प्लास्टिक कचरे की मात्रा 2050 तक मछलियों से अधिक हो जाएगी।

एक अन्य शोध से पता चला कि दुनिया का 80 प्रतिशत से अधिक नल का पानी प्लास्टिक से दूषित है। अमेरिका के मिनेसोटा विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने पाया कि अमेरिका में पानी में प्लास्टिक प्रदूषण की दर 93 प्रतिशत है जो दुनिया में सबसे अधिक है। कुल मिलाकर दुनिया भर के दर्जनों देशों के 83 प्रतिशत पानी के नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक पाया गया है। बोतलबंद पानी एक सुरक्षित विकल्प नहीं हो सकता है, क्योंकि विज्ञानियों को उसमें भी दूषित नमूने मिले हैं।

एक अन्य अध्ययन से पता चला कि मनुष्य के शरीर में भी प्रतिदिन विषाक्त माइक्रोप्लास्टिक कण पहुंच रहे हैं। इन कणों की मात्रा इतनी अधिक है कि सप्ताह भर में एक पूरे क्रेडिट कार्ड जितना माइक्रोप्लास्टिक सांस के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर रहा है। 'फिजिक्स ऑफ फ्लुइड्स' पत्रिका में प्रकाशित निष्कर्षों में चेतावनी दी गई है कि प्लास्टिक उत्पादों के क्षरण से उत्पन्न होने वाले सूक्ष्म कण हमारी श्वसन प्रणाली सहित संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। वैज्ञानिकों ने श्वसन प्रणाली के ऊपरी वायुमार्ग में माइक्रोप्लास्टिक कणों के परिवहन और जमाव का विश्लेषण करने के लिए एक कंप्यूटर मॉडल विकसित किया था। इस दल में सिडनी के प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक भी शामिल थे।

माइक्रोप्लास्टिक कण दरअसल प्लास्टिक के सूक्ष्म कण होते हैं जो आमतौर पर 5 मिलीमीटर से कम लंबाई के होते हैं। ज्यादातर ये कण लंबी अवधि में बड़े प्लास्टिक उत्पादों के विखंडन से उत्पन्न होते हैं। अत्यंत सूक्ष्म कणों को माइक्रोबीड्स भी कहा जाता है जिन्हें सौंदर्य उत्पादों और टुथपेस्ट आदि में प्रयुक्त किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों से विज्ञानी लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि इन कणों से स्वास्थ्य पर कई तरह के प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकते हैं। इन कणों के बिस्फेनॉल और फेलेट्स जैसे रासायनिक घटक हार्मोनों को बाधित करने के लिए जाने जाते हैं। ये रसायन कैंसर, बांझपन और समय-पूर्व यौवन से जुड़े हुए हैं। हाल के अध्ययनों से यह भी पता चला है कि मानव वायुमार्ग की गहराई में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक श्वसन प्रणाली के लिए गंभीर खतरे पैदा कर सकते हैं।

दुनिया में माइक्रोप्लास्टिक का उत्पादन बढ़ रहा है। हवा में माइक्रोप्लास्टिक का घनत्व काफी बढ़ रहा है। शोधकर्ताओं ने धीमे और तेज सांस लेने की स्थिति में 1.6 से 5.56 माइक्रोन के विभिन्न माइक्रोप्लास्टिक कणों के प्रवाह का पता लगाया। नए अध्ययन में पाया गया कि विषाक्त प्रदूषकों वाले ये प्लास्टिक कण नाक की गुहा या गले के पीछे इकट्ठा होते हैं। उनके जमा होने की दर सांस लेने की स्थिति और कणों के आकार पर निर्भर करती है। डॉ. इस्लाम ने कहा, वायुमार्ग की जटिल और अत्यधिक विषम संरचनात्मक आकृति तथा नाक की गुहा और गले के मध्य भाग में जटिल प्रवाह व्यवहार के कारण माइक्रोप्लास्टिक कण अपने प्रवाह पथ से विचलित हो जाते हैं और इन क्षेत्रों में जमा हो जाते हैं।

# राजनीति का नया कुरुक्षेत्र मालवा और भाजपा की दिशा-दशा

**अजय बोकिल**

हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में से एक और लोकसभा सीटों के लिहाज से भी तीसरे बड़े राज्य मध्यप्रदेश में दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों भाजपा और कांग्रेस में पीढ़ी परिवर्तन की सियासत अब दिलचस्प मोड़ में है। मप्र में विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद सत्तारूढ़ भाजपा अब पूरे घर के बदल डालने की तर्ज पर काम रही है तो इसके जवाब में कांग्रेस ने भी अपने सभी मुख्य सिपहसालार ताबड़तोड़ बदल दिए हैं। मोटे तौर पर बदलाव का यह फार्मूला फ्रेश चेहरों को आगे लाने, जातीय व क्षेत्रीय समीकरण साधने और आने वाले कम से कम एक दशक राजनीति कर सकने वालों को कमान सौंपने की नीयत से लागू किया गया है।

खास बात यह है कि दोनों ही पार्टियों ने इस बार राज्य के अपेक्षाकृत समृद्ध और प्रगत क्षेत्र मालवा अंचल को केन्द्र में रखा है, जिसके बारे में कहा जाता है कि सत्ता का रास्ता इसी अंचल से गुजरता है। मप्र की राजनीति में यह अभूतपूर्व संयोग है कि अब राज्य का मुख्यमंत्री, एक उप मुख्यमंत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष भी मालवा अंचल से ही है। यानी मालवा अब प्रदेश की राजनीतिक महाभारत का नया कुरुक्षेत्र है। जो मालवा पर काबिज होगा, वह भोपाल में सत्तासीन होगा।

**चुनावी नजरिए से मप्र की सियासत**

मध्यप्रदेश में लोकसभा की 29 सीटें हैं। इनमें से 8 अकेले मालवा से हैं और इसी क्षेत्र में विधानसभा की 50 सीटें हैं। इनमें अगर निमाड़ को भी जोड़ लिया जाए तो ये संख्या लोकसभा की 10 और विधानसभा की 66 सीटें होती हैं। इस बार बीजेपी ने 66 में से 48 सीटों पर जीत हासिल कर कांग्रेस को बहुत पीछे ठेल दिया है।

भाजपा ने अपना नया मुख्यमंत्री जिन डॉ. मोहन यादव को बनाया है, वो मालवा के उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं और ओबीसी चेहरा हैं। जबकि उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मालवा के ही मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ सीट से विधायक हैं। इसके पीछे संदेश राज्य और राज्य से बाहर भी ओबीसी और आदिवासी समीकरण को साधना है।

यही कारण है कि कांग्रेस में नेतृत्व का जो पीढ़ी परिवर्तन हुआ है, वह मालवा को ध्यान में रखकर ही हुआ है। इसमें जातिगत समीकरण भी साधा गया है।







नए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ओबीसी से हैं तो उमंग सिंघार आदिवासी हैं। इस बदलाव के साथ ही कांग्रेस आला कमान ने राज्य में कांग्रेस के दो पुराने दिग्गज चेहरों कमलनाथ और दिग्विजय सिंह को रिटायरमेंट का साफ संदेश दे दिया है, जबकि भाजपा में यह संदेश थोड़ा अलग ढंग से दिया गया है।

अलबत्ता राज्य में भाजपा के कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल जैसे सीएम पद के प्रबल दावेदार नेताओं को संदेश दिया गया है कि उन्हें मुख्यधारा से अभी बाहर नहीं किया गया है, यही काफी है। मप्र की राजनीति में यह अभूतपूर्व संयोग है कि अब राज्य का मुख्यमंत्री, एक उप मुख्यमंत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष भी मालवा अंचल से ही है।

दोनों पार्टियों में इस पीढ़ीगत बदलाव का युवाओं ने आम तौर पर स्वागत किया है। लेकिन इसी के साथ कुछ गंभीर सवाल भी फिजा में तैर रहे हैं। वो कांग्रेस में इस जवाबी सोशल इंजीनियरिंग और नई पीढ़ी पर दांव लगाने को लेकर हैं।

जहां तक भाजपा का सवाल है तो वह पहले भी दूसरे राज्यों में ऐसा करती रही है और अपने मजबूत संगठनात्मक ढांचे के दम पर इस प्रयोग को (कुछ अपवादों को छोड़ दें तो) सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाती रही है। वहां बगावत की गुंजाइश ज्यादा नहीं होती। कार्यकर्ता आलाकमान के फैसले को सिर आंखों पर रखकर चलता है। इसलिए ऐसे जोखिम ज्यादातर सफल दांव में बदल जाते हैं।

मप्र में नए सीएम डॉ. मोहन यादव आला कमान की अपेक्षाओं पर कितना खरा उतरेंगे, यह अभी देखने की बात है। पर उन्होंने पद संभालते ही टी 20 की तर्ज पर बैटिंग करने का संकेत दे दिया है। जानकारों का मानना है कि भाजपा ने मोहन यादव पर दांव मप्र की ओबीसी राजनीति कम आगामी लोकसभा चुनाव में यूपी और बिहार में यादव वोट बैंक में सेंध लगाने के उद्देश्य से किया है। मोहन यादव यह काम कितना कर पाएंगे, इसी से उनका राजनीतिक भविष्य तय होने की संभावना ज्यादा है। अगर वो नाकाम रहे तो भाजपा के पास रिजर्व में दूसरे अनुभवी खिलाड़ी हैं ही। वैसे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पद संभालते ही दो अहम संदेश देने की कोशिश की है, एक तो वो कट्टर हिंदुत्व की राह चलेंगे, दूसरा विज्ञान का विद्यार्थी होने के नाते वो अंधविश्वासी नहीं हैं।

**क्या होगी बीजेपी की दिशा और दशा**

उम्मीद की जा सकती है कि मोहन राज में अंध श्रद्धा की बजाए तार्किक और प्रगतिशील हिंदुत्व को ज्यादा महत्व मिलेगा। जहां तक मप्र में जातीय समीकरण साधने की बात है तो मोहन यादव का चेहरा इसलिए भी चौंकाने वाला था, क्योंकि राज्य में यादवों की संख्या अन्य दूसरी ओबीसी जातियां जैसे कि लोधी, कुर्मी, गूजर आदि की तुलना में कम है और यादव किसी एक पॉकेट में केन्द्रित होने के बजाए पूरे राज्य में फैले हैं। कुल मिलाकर भाजपा ने मोहन यादव के बहाने पड़ोसी राज्यों का जातीय समीकरण साधने का राजनीतिक योगासन किया है।

जहां तक पीढ़ी परिवर्तन की बात है तो मप्र कांग्रेस में भी वह आलाकमान के निर्देश पर ही हुआ है। माना जा रहा है कि अब पार्टी की कमान परोक्ष रूप से राहुल गांधी पूरी तरह अपने हाथ में ले रहे हैं और राज्य में नए चेहरे उन्हीं की पसंद हैं। इसका सीधा मतलब यह है कि पार्टी के पुराने दिग्गजों को अब रिटायरमेंट का सिग्नल दे दिया गया है और संगठन में टीम राहुल अब अपने ढंग से आकार लेने लगी है। लेकिन कांग्रेस में अहम सवाल यह है कि अगर इन नए चेहरों को पुराने दिग्गजों का साथ न मिला या भीतरघात की सियासत जारी रही तो ये टीम कैसे परफॉर्म कर पाएगी?

पहले से ही गुटबाजी और अंतर्कलह से जूझ रही कांग्रेस में मनभेदों के खाने ज्यादा कुलबुलाने नहीं लगेंगे? वैसे भी कांग्रेस में इस बदलाव का खास असर लोकसभा चुनाव में दिखने की संभावना बहुत कम है। अलबत्ता इसका प्रभाव अगले विधानसभा चुनाव में जरूर दिख सकता है क्योंकि तब तक कांग्रेस में युवा चेहरों की नई टीम तैयार हो सकने की उम्मीद है।

बहरहाल अब मालवांचल मप्र की राजनीति का नया कुरुक्षेत्र है, जहां से सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनो की रणनीतियों का संचालन होना है। यहां हो रहे राजनीतिक प्रयोगों की गूंज राष्ट्रीय स्तर भी सुनाई देने की संभावना है। मालवा को ये महत्व अर्से बाद मिला है। फर्क यह है कि कभी कांग्रेस का गढ़ रहा मालवा बीते पांच दशकों से भगवा किले में तब्दील हो चुका है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

## किल्लाई गांव से गुजर रहे भारी भरकम गिट्टी से भरे हाइवा डंफर



दमोह शहर से लगभग दो किलोमीटर दूर सागर वाईपास पर बालाकोट सड़क पर किल्लाई गांव से होते हुए सागर वाईपास पर चल रहे गिट्टी से भरे ओवरलोड हाईवा आरटीओ खनिज विभाग सहित शासन प्रशासन के आला अधिकार इस ओर नहीं दे रहा ध्यान जबकी आरटीओ कार्यालय बालाकोट सड़क मार्ग पर ही बना हुआ है तो वही दूसरी ओर देखा जाए तो दमोह से लगभग 40 किलोमीटर दूर बटियागढ मे खनिज विभाग ने गिट्टी से भरा एक छोटा डंफर पकड़कर कार्रवाई की जिसे बटियागढ थाना मे रखवाया गया। जिससे साफ नजर आता है की जो बालाकोट सड़क मार्ग पर चल रहे गिट्टी से भरे हाईवा डंफर है किसी नेता या किसी नामदर व्यक्ति के होंगे जिससे संबंधित विभाग सहित शासन प्रशासन कार्रवाई करने मे असमर्थ नजर आ रहा।

## सर्वेयर की नियुक्ति फर्जी आवेदनों की होगी जांच




दमोह खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में सर्वेयरों की फर्जी नियुक्ति के संबंध में जिला खाद्य शाखा ने जिले के सहायक आयुक्त, सहकरिता और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को पत्र जारी कर दो दिन के भीतर जवाब मांगा है। जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान की गुणवत्ता निरीक्षण हेतु जिले में सर्वेयर की नियुक्ति फर्जी दस्तावेजों एवं फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर की गई , जिसमें कलेक्टर के समक्ष अन्य आवेदको द्वारा नियुक्ति की जांच के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया, उक्त संबंध में नियुक्ति संबंधी दस्तावेजों की जांच कर जॉच प्रतिवेदन दो दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने का पत्र जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जारी किया गया।

## उप संचालक कृषि बी.पी. सूत्रकार निलंबित

**छतरपुर।** संभागायुक्त सागर वीरेंद्र सिंह रावत ने छतरपुर जिले के उप संचालक कृषि बी.पी. सूत्रकार को पदीय दायित्वों के निर्वहन में स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कमिश्नर द्वारा यह कार्रवाई कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर. के प्रस्ताव पर की गई है। गत 4 दिसंबर को जिले में खाद वितरण का निरीक्षण अपर कलेक्टर एवं एसडीएम बिजावर द्वारा मेसर्स प्रभु दयाल अग्रवाल ग्रेन मर्चेंट एवं कमीशन एजेंट गुलगंज के गोदाम में दबिश देकर 650 यूरिया का अवैध स्टॉक जब्त कर गोदाम को सील किया गया एवं उप संचालक कृषि द्वारा खाद वितरण की मॉनिटरिंग नहीं किया जाकर खाद वितरण में अनियमितता किया जाना पाया गया। साथ ही श्री सूत्रकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत निर्धारित दायित्वों में रुचि नहीं ली जा रही है। उक्त कृत्य के लिए बी.पी. सूत्रकार उपसंचालक कृषि को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 09 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री सूत्रकार का मुख्यालय कार्यालय संयुक्त संचालक कृषि विभाग सागर संभाग नियत किया गया है। इन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

## उप संचालक कृषि का प्रभार डॉ. सुरेश पटेल को सौंपा

छतरपुर। कमिश्नर वीरेन्द्र सिंह रावत ने उप संचालक कृषि छतरपुर डॉ. बी.पी. सूत्रकार के निलंबन होने के फलस्वरूप उपसंचालक कृषि एवं परियोजना संचालक आत्मा छतरपुर का प्रभार सहायक संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ. सुरेश पटेल को सौंपा है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

## मुख्यमंत्री संजीवनी किलीनिक से मिल ? रहा लाभ

**नैनपुर।** सौ बेड के सिविल अस्पताल जो लगभग चार किलोमीटर की दूरी पर बालाघाट रोड पर बनाया गया है आमजनों दूरी के कारण परेशानी होती है पुराने अस्पताल के भवन पर मुख्यमंत्री संजीवनी किलीनिक का शुभारंभ किया गया है जिससे लोगों को लाभ मिल रहा है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है गांव-गांव

### हितग्राहियों को मिल रहा योजनाओं का लाभ



छतरपुर,। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के आठ विकासखण्डों में पहुंच रही है और योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंच रही है। सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सभी विकासखण्डों के ग्राम गौहानी, सरवई, सूरजपूराखुर्द, बमनी, रगौली, पीरा, ढिमरवा, भुजपुरा, हटवाहा, नयागांव, कीरतपुरा, पुरवा, चौबर, पाय, मनकारी, बुड़रख पहुंची। जहां ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथों में लगी एलईडी स्क्रीन द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं योजनाओं और उलब्धियों की जानकारी दी गई। इस अवसर योजनाओं का लाभ देने विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत अपने अनुभव साझा किये गये।

**ग्रामीण इलाकों के लिये प्रमुख योजनाएं:** ग्रामीण इलाकों के लिये प्रमुख योजनाओं में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वमत्वि, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो फर्टिलाइजर शामिल हैं। साथ ही जनजातीय परिवारों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में सिकल सेल एनीमिया निवारण मिशन, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश, स्कॉलरशिप, वन अधिकार, वन-धन विकास केन्द्र शामिल हैं।

### आज सोलह ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

छतरपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा छतरपुर जिले के सभी आठ विकासखण्डों में पहुंच रही है। यात्रा के माध्यम से एक ओर जहां योजनाओं और विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी जन जन तक पहुंच रही है वहीं लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। साथ ही विभागीय योजनाओं का लाभ देने स्टॉल लगने से पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में 19 दिसंबर को यात्रा सोलह ग्रामों में पहुंचेगी। जिनमें नीबीखेड़ा, अजीतपुर, छाईकुवा, मैलवार, गिलौहां, टहनगा, दरगुवां, वीरमपुरा, रगौली, डारगुवां, टुड़र, राजनगर के गोरा एवं छतरपुर के ग्राम गोरा, उदयपुरा बिकौरा एवं पुरमऊ शामिल है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में अब तक दो पाली में कुल 22 शिविरों का आयोजन सम्पन्न



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में आज 18 दिसंबर को अब तक दो पाली में कुल 22 शिविरों के आयोजन सम्पन्न हुए हैं। 18 दिसंबर को ये शिविर भगवानपुरा जनपद की ग्राम पंचायत धुलकोट और गुजरबावड़ी में, भीकनगांव की ग्राम पंचायत सेल्दा और अंजनगांव में, बड़वाह की ग्राम पंचायत काटकूट और लिम्बीबुजुर्ग में, सनावद सर्कल के ग्राम अंजरूद और खंगवाड़ा में, कसरावद के ग्राम माकड़खेड़ा और दोगांवा में, खरगोन के ग्राम लोनारा और घेगांव में, सेगांव की ग्राम बनिहार और लेहकू में, महेश्वर के ग्राम काकड़दा और मक्षी में, गोगांवा के ग्राम कुकडोल और कम्हारखेड़ा में, झिरन्या जनपद की ग्राम पंचायत शिवना और तेड़ ग्राम में तथा पिपलगोन सर्कल के ग्राम बाड़ी और भग्यापुर ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित हुए हैं। इन शिविरों में 11892 व्यक्तियों ने भाग लिया। जिसमें महिलाओं की संख्या 5858 तथा पुरूषों की संख्या 5996 तथा 38 जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उक्त शिविरों में 2664 हितग्राही शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए

## जिला स्तरीय आदिवासी सांस्कृतिक महोत्सव में दिखी आदिवासी संस्कृति की झलक



बैतूल। सर्व आदिवासी समाज ने रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम में आदिवासी सांस्कृतिक रूढि प्रथा, रिति रिवाज, परम्परागत प्रथा अनुसार जिला स्तरीय आदिवासी सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया । कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत रैन बसेरा पड़ापेन ठाना सदर से हुई। पडापेन ठाना में आदिवासी समाज के गायकी बाबाओं के द्वारा सुमरनी की गई, उसके बाद पडापेन ठाना से रैली निकाली गई। रैली रैन बसेरा से रानी दुर्गावती आडिटोरियम में पहुंची। वहां आदिवासी समाज के सगाजनों ने पारंपरिक गोधौनी पूजा की। उसके बाद मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष दुर्गा उइके द्वारा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैतूल विधायक हेमन्त खंडेलवाल, घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा उइके, विशेष अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे एवं जयस महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष साधना उइके उपस्थित रहीं। सर्व आदिवासी समाज के द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों का स्वागत हल्दी चावल व पीला गमछा भेंट कर की गई।

उसके बाद आदिवासी सांस्कृतिक रूढ़ि प्रथा व रीति रिवाज के संरक्षण व भविष्य में उसे बचाने हेतु यह एक दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया।

### लोक नृत्य की दी शानदार प्रस्तुति

कार्यक्रम में जिले के लगभग 2500 के आसपास सामाजिक बन्धु शामिल हुए। इस आदिवासी सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम में गोंड़ समाज, कोरकू समाज, गायकी (गोंड) समाज, परधान समाज के सगाजनों ने अपनी लोक संस्कृति को दिखाते हुए अपने लोकनृत्य के माध्यम से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इन प्रस्तुति में मुख्य रूप से गायकी नृत्य, गोंडी डंडार नृत्य, गड़ली सुषम नृत्य की प्रस्तुति दी गई। आदिवासी सांस्कृतिक महोत्सव के साथ ही सभी सगाजनों ने नाग दिवाली भी मनाई। कार्यक्रम में मंच का संचालन जंगल परते व अनिल परते के द्वारा किया गया। इस मौके पर उपस्थित समाजसेवी डॉ रूपेश पदमाकर, सूरज धुर्वे, अविनाश धुर्वे, धनपाल धुर्वे,उमेश परते, करण चढ़ोकार, महादेव बेठे, आरती परते, लक्ष्मी देवराव, रामपाल, अंकित कुमरे, सुरेश उइके, सागर उइके, जितेंद्र सिंह इवने,प्रकाश उइके, डॉ.राजा धुर्वे सहित अन्य सामाजिक सगाजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार समापन की घोषणा रोहित भलावी द्वारा की गई। इस अवसर पर आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष सुंदरलाल उइके, शंकर सिंह आहके, हेमराज बारस्कर, चेतराम कासदेकर, शम्भू धुर्वे, प्रदीप उइके उपस्थित थे।

## बैरसिया पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी ज्वेलर्स की दुकान पर हुई चोरी का किया पर्दाफाश



बैरसिया। नगर में 2 दिसंबर को नरसिंहगढ़ रोड पर गोविंद ज्वेलर्स के नाम की दुकान पर हुई चोरी का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने चोरों को अपनी पकड़ में ले लिया है 2 दिसंबर को फरियादी विपिन गुप्ता ने अपनी दुकान गोविंद ज्वेलर्स पर दुकान के ताले टूटे हुए होने की सूचना पुलिस थाने में दी जिसके बाद पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर दुकान पर घटना की जांच की जहां पर अज्ञात चोरों द्वारा करीब 6 किलो चांदी के जेवर चोरी करने ले जाने का रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक देहात रेंज भोपाल अभय कुमार सिंह पुलिस उप निरीक्षक देहात भोपाल श्रीमती मोनिका शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक देहात प्रमोद कुमार सिंह द्वारा टीम गठित कर नकबजनी में आरोपी की तलाश एवं माल पतारसी हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन में थाना प्रभारी बैरसिया द्वारा टीम गठित कर तलाशी अभियान चलाया गया घटना के बारीकी से निरीक्षण जिसमें तकनीकी एवं साइबर सेल की सहायता से शातिर पांच नकबजनो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की आरोपियों से करीब 5 किलो 500 ग्राम चांदी के जेवरात बरामद किए आरोपियों ने चोरी के बाद चोरी का माल आपस में बांट लिया था जिसे बैरागढ़ के एक व्यापारी द्वारा खरीदा गया था जिसे चिन्हित कर लिया गया घटना में प्रयुक्त वाहन सहित चोरी मैं उपयुक्त शटर तोड़ने का सामान भी आरोपियों से बरामद कर लिया है आरोपियों मैं रोहित उर्फ सागीराद पिता रामगोपाल साहू उम्र 21 वर्ष निवासी बैरागढ़ शाहरुख उर्फ अक्कू पिता सलीम कुरैशी उम्र 20 वर्ष निवासी बैरागढ़ विजय नाथ पिता गोविंद नाथ उम्र 19 वर्ष निवासी बैरागढ़ अनिकेत उर्फ सागर पिता स्वर्गीय प्रकाश उम्र 24 वर्ष शाहजहानाबाद को पुलिस ने अपनी पकड़ में ले लिया वही एक विधि विरुद्ध नाबालिक भी इस चोरी में शामिल था आरोपियों से 5 किलो 500 ग्राम चांदी के जेवर कीमत करीबन ?300000 दो मोटरसाइकिल दो मोबाइल फोन जप्त किए गए आरोपियों से कुल मशरूका कीमती करीबन 5. 2 लाख रुपए जप्त किए गए चोरी की वारदात में शामिल सभी आरोपियों की पुलिस द्वारा अपराधिक रिकॉर्ड की भी जानकारी संकलित की जा रही है इस चोरी की वारदात का पर्दाफास करने में पुलिस विभाग की टीम की सराहनीय भूमिका रही जिनमें थाना प्रभारी नरेंद्र कुलस्ते उनि रिंकू जाटव राजेश दुबे सचिन गुर्जर आरक्षक कृष्णा रामसेवक यादव मुस्ताक खान साइबर सेल भोपाल, मनोज शर्मा पुमनि, कार्यालय देहात रेंज भोपाल एवं थाना प्रभारी बैरागढ़ कमजीत सिंह रंधावा एवं उनकी टीम शामिल रही

## अत्याधुनिक खेती में नैनो यूरिया की उपयोगिता पर करें फोकस: कलेक्टर

बैतूल । कलेक्टर अमन सिंह बैंस सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में टी एल बैठक में अधिकारियों से बिन्दूवार लंबित एवं प्रस्तावित प्रकरणों पर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने शासन की योजनाओं से वंचित हितग्राही किसानों को खेती में ड्रोन के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ड्रोन के लिए पहले से ही किसानों और स्थान को चिन्हिंत करें।

ड्रोन पायलेटिंग सर्टिफिकेशन कोर्स के लिए एवियेशन से संपर्क भी करें। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमन सिंह बैंस ने कहा कि संकल्प यात्रा के माध्यम से किसानों को नैनो लिक्विड यूरिया जो पौधों को नाईट्रोजन प्रदान करने वाला एक वरक पोषक तत्व है के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें। यूरिया सफेद रंग का एक रासायनिक नाईट्रोजन उर्वरक है जो कृत्रिम रूप से नाईट्रोजन प्रदान करता है। जो यूरिया के लिए परंपरागत विकल्प के रूप में काम करता है। यह नैनो कण के रूप में यूरिया का एक प्रकार है। यह किसानों को पर्यावरणीय रूप से विश्वसनीय एवं उच्च गुणवत्ता वाले कृषि आदानों और सेवाओं से समय पर आपूर्ति में सक्षम है। आयुष्मान भारत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर अक्षत जैन ने अधिकारियों से संकल्प यात्रा के दौरान आयुष्मान योजना का लाभ शत-प्रतिशत हितग्राहियों को देने के लिए चिन्हित करने के निर्देश दिए। आयुष्मान योजना में हितग्राहियों को क्यूआर युक्त कार्ड वितरित किए जायेंगे। ऐसे हितग्राहियों को आयुष्मान योजना से वंचित रह गए थे ।

उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत बैतूल जिले में 12 लाख 02 हजार 969 हितग्राही है। इस योजना में 71.80 प्रतिशत हितग्राहियों को योजना से जोड़ा जा चुका है। कुल 67 हजार 321 हितग्राही इस योजना का विभिन्न स्वरूप में लाभ उठा सकते है। संकल्प यात्रा के माध्यम से शेष 28.20 प्रतिशत हितग्राहियों को भी इस योजना से जोड़ेंगे।

## संगठन को और अधिक शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता-आशा गुप्ता

### वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन




**छतरपुर।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की नगर इकाई द्वारा आज सम्मेलन के कैलेंडर का समारोहपूर्वक विमोचन किया गया। नौगांव रोड स्थित होटल रीजेंसी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पन्ना की आशा गुप्ता ने महिलाओं की अनुपस्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने सभी सदस्यों से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि पति-पत्नी यदि दोनों सदस्य हैं तो एक साथ बैठक में आएं। वर्तमान समय में संगठन को और अधिक शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता है।प्रदेश महामंत्री गोविन्द दास असाटी ने बताया कि सागर संभाग में सम्मेलन के दस हजार सदस्य हैं। उन्होंने सम्मेलन के माध्यम से एक रोटी एक बेटी जैसे महत्वपूर्ण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए संभाग स्तरीय परिचय सम्मेलन आयोजित करने पर जोर दिया। वरिष्ठ पत्रकार हरि अग्रवाल ने यह प्रस्ताव रखा था। उन्होंने बताया कि 2007 में छतरपुर में वैश्य महासम्मेलन के बैनर तले 12 विवाह संपन्न हुए थे। जिसमें अग्रवाल समाज ने सहर्ष असाटी समाज की बेटियों का वरण किया था। आज यह सभी परिवार खुशहाल जीवन जी रहे हैं। इसलिए वर्तमान समय में भी वैश्य घटकों में ही बेटे बेटियों के संबंध तय किए जाने की आवश्यकता है। पत्रकार सुरेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि लडके लड़कियों की उम्र बढ़ती जा रही है और रिश्ते तय नहीं हो रहे हैं। समाज की बदलती तासीर के कारण नौकरीपेशा अथवा एकल परिवारों में ही लोग अपनी बेटियों की शादी करना चाहते हैं जो उचित नहीं है। समाज की भलाई के लिए सभी वर्गो को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पन्ना से आई मंजूलता जैन एडवोकेट ने महिलाओं को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि उन्होंने पन्ना जिले की सभी तहसीलों में जाकर महिलाओं को जागरूक कर संगठन से जोड़ा है।संभागीय अध्यक्ष अजय गुप्ता, प्रदेश मंत्री जयनारायण अग्रवाल, गिरजा पाटकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा रविवार को पूरे प्रदेश में 453 स्थानों पर एक वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया है। उन्होंने बताया कि वैश्य महासम्मेलन में विभिन्न समाजों के 352 घटक शामिल हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि भोपाल में 16 करोड़ रुपए की लागत से वैश्य महासम्मेलन का एक पांच मंजिला भव्य भवन का निर्माण किया जा रहा है । जिसमें सम्मेलन के सदस्यों के निन्शुल्क रुकने की व्यवस्था रहेगी। समाजसेवी प्रकाश जैन ने स्वागत भाषण दिया।

सम्मेलन के सभी पदाधिकारियों ने पन्ना से आई आशा गुप्ता, मंजूलता जैन,निशा जैन सहित सभी महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सुमति प्रकाश जैन ने तथा आनंद अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

### विधि विद्यार्थियों ने किया जिला जेल का भ्रमण

## बंदियों के सुधार सहित अन्य मामलों में प्राप्त की जानकारी

छतरपुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण म.प.के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर के द्वारा जिले में वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को अपराधों के संबंध में जानकारियां हेतु विधि विद्यालय पंडित मोतीलाल नेहरू लॉ कॉलेज और अवंतीबाई कॉलेज के अंतिम वर्ष की विद्यार्थियों को सोमवार को जिला जेल भ्रमण कराया गया।

जहां विधि विद्यार्थियों को जेल में होने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए कार्यवाहियों का विवरण बताया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने जेल में विभिन्न अपराधों में सजा बंदियों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। जिला जेल अधीक्षक आरएस पांडे ने जेल में बंदियों की दिनचर्या छात्र-छात्राओं को विस्तृत तरीके से जेल भ्रमण करते हुए कैदियों की दिनचर्या के बिषय में जानकारी दी।

जेलर श्री पांडे ने छात्र-छात्राओं बताया कि जिला जेल में बंदियों के लिए उनके जीवन के सुधार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसमें अभी महिला बंदिया के लिए सिलाई एवं जूट से बनाने वाले चीजों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे वे सामाजिक जीवन में लौट के बाद अपना रोजगार स्थापित करने में माहिर बन सके।

लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल सुयोग्य अवस्थी ने बताया की जिन महिला एवं पुरूष बंदियों के वकील नहीं उनकी निन्शुल्क पैरवी करने एवं न्याय दिलाने हेतु आश्वसन दिया गया।

इस मौके पर विद्यार्थियों के साथ लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल सुयोग्य अवस्थी, एवं अधिवक्ता श्रीमती हर्षिका झा, जेल अधीक्षक आरएस पांडे, लवकुशनगर जेल अधीक्षक अनिल पाठक, विधि विद्यार्थी राहुल रैकवार, ऋषिकांत पटेल, रूप सिंह यादव, ऋषभ गुप्ता, पावर्ती प्रजापति, भावानी अहिरवार, भारती अहिरवार, काजल पटेल, रूचि परमार सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### क्या हैं विंटर इंटर्नशिप कार्यक्रम-

लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल सुयोग्य अवस्थी ने बताया कि 21 दिन की यह इंटर्नशिप चल रही है, जिसमें डे बाई डे विधि के छात्र-छात्राओं को विभिन्न स्थानों पर विजिट कराया जाता है। जैसे जिला जेल, सी डब्लू सी, बन स्टॉप सेंटर, गाँधी आश्रम, बाल संप्रेषण गृह (बच्चा जेल) आदि और जो विद्यार्थी इस इंटर्नशिप कार्यक्रम में नियमित रूप से उपस्थित रहते हैं उन्हें कार्यक्रम उपरांत सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है।




**कार्यालय नगर परिषद/घोड़ाडोंगरी जिला - बेंतूल (म.प्र.)**

Office Of The Municipal Council Ghorado gri Distirict. Betul (M.P.) Email.ID-Gobadongri@mporban.gov.in

क्रमांक/776/राजस्व / नामांतरण / 2023 — दिनांक 15/12/2023

**विज्ञप्ति सूचना**

मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 एवं 151 के तहत निकाय को प्राप्त नामांतरण को सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जा रही हैं। अतः जिस किसी व्यक्ति / फर्म/संस्था को निम्नलिखित नामांतरण प्रकरणों पर कोई आपत्ति हों तो मय साक्ष्य के प्रकाशन दिनॉक से 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे समय अवधि पश्चात दावें, आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्रं. | हस्तांतरितकर्ता का नाम | हस्तांतरण ग्रहण कर्ता का नाम | वार्ड का नाम | भूखण्ड की स्थिति | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती तरूणा बेवा रविन्द्रसिंह | श्रीमती सुमनबाई पति श्री डी.डी. मालवी | अम्बेडकर वार्ड 05 घोड़ाडोंरी | भुमि - खसरा नंबर- 727/19 (S) रकबा 0.0110 हे. (आवासीय) | नामांतरण प्रारूप (आवेदन) पंजीकृत रजिस्टी, ऋष्टा पुस्तिका, खसरा किस्त बंदी की नकल, डायवर्सन |
| 2 | श्री कन्हई इवने पिता श्री अमीरा इवने | श्रीमती गीता इवने पति श्री बलसिंग इवने | वार्ड क्रं. 06 महावीर वार्ड घोड़ाडोंगरी | भुमि - खसरा नंबर - ( 1 ) 878/2/1रकबा 0.032 हे. (2)878/2/1 मेसे 0.008 हे. | नामांतरण प्रारूप (आवेदन) पंजीकृत रजिस्टी, ऋष्टा पुस्तिका, खसरा किस्त बंदी की नकल, डायवर्सन |
| 3 | श्री उषाकिरण पुत्री स्वः श्री सेमुएल डेविड (धर्मपत्नी श्री प्रकाश बी. पीटर) | श्रीमती अल्पना धर्मपत्नी श्री कन्हैया राठौर | वार्ड क्रं. 02, गुरुगोविंद सिहं वार्ड घोड़ाडोंगरी | भुमि - खसरा नंबर - 726 /04 (S) रकबा 0.013 हे. (आवासीय) | नामांतरण प्रारूप (आवेदन) पंजीकृत रजिस्टी, ऋष्टा पुस्तिका, खसरा किस्त बंदी की नकल, डायवर्सन |
| 4 | श्री भददूलाल चौहान पिता श्री तेजीलाल चौहान, मन्नुलाल चौहान पिता तेजीलाल चौहान | श्री अरूण चौहान पिता श्री मन्नूलाल चौहान | वार्ड क्र.02 गुरुगोविंद सिहं वार्ड | भूमि खसरा नंबर 707/50 (S) रकबा 0.0040 हे. (आवासीय) | नामांतरण प्रारूप (आवेदन) पंजीकृत रजिस्टी, ऋष्टा पुस्तिका, खसरा किस्त बंदी की नकल, डायवर्सन |
| 5 | श्री मंगु इवने पिता श्री हरेसिंग इवने | श्रीमती बसंती धुर्वे पति श्री झमकू धुर्वे | वार्ड क्रं. 05 अम्बेडकर वार्ड | भूमि खसरा नंबर 761/1/1/1 रकबा 0.002 हे. (आवासीय) | नामांतरण प्रारुप (आवेदन) पंजीकृत रजिस्ट्री, ऋण पुस्तिका, डायवर्सन |
| 6 | श्रीमती अमरजीत कौर बेवा स्व. श्री परमजीतसिंह सलूजा | श्री कमल बरहैया पिता श्री राजू बरहैया | वार्ड क्रं. 12, तिलक वार्ड घोड़ाडोंगरी | भूमि खसरा नंबर 667/1 रकबा हे. (आवासीय) | नामांतरण प्रारुप (आवेदन) पंजीकृत रजिस्ट्री |
| 7 | श्री नितिन पिता श्री सतीष कुमार अग्रवाल | श्रीमती शिवकली बाई पति श्री शिवप्रसाद सराठे | वार्ड क्रं. 07 शिवाजी वार्ड घोड़ाडोंगरी | भूमि खसरा नंबर 536/36 रकबा 0.002 हे. (आवासीय) | नामांतरण प्रारुप (आवेदन) पंजीकृत रजिस्ट्री, ऋण पुस्तिका, खसरा किस्त बंदी की नकल |

अध्यक्ष
नगर परिषद् घोड़ाडोंगरीं

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् घोड़ाडोंगरी

# इस वर्ष से बंद होगी बेस्ट ऑफ फाइव योजना

## अब विद्यार्थियों को सभी विषय में पास होना होगा, योजना बंद होने से प्रभावित होगा रिजल्ट



**छिंदवाड़ा।** अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अब विद्यार्थी वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियों में जुट गए हैं। जो कि फरवरी माह में शुरू होनी है। इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बेस्ट आफ फाइव योजना को बंद कर विद्यार्थियों की मुश्किलें बढ़ा दी है। बताया जाता है कि दसवी और बारहवी के छात्रों को इस वर्ष बेस्ट ऑफ फाइव का लाभ नहीं मिलेगा यानी विद्यार्थियों को सभी छः विषयों में पास होना जरूरी होगा। इस संबंध में जिले के सभी स्कूलों के प्राचार्यो को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। बेस्ट ऑफ फाइव योजना बंद होने से परीक्षा परिणाम भी प्रभावित होने की आशंका है, बोर्ड ने यह योजना 2017 में लागू की थी। इसके तहत छः विषयों में से एक विषय में यदि विद्यार्थी फेल भी हो गया तो उसे पास कर दिया जाता था। शिक्षा विभाग ने बदली हुई व्यवस्था और कोर्स पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा फरवरी माह 2024 में 10वीं और 12 वीं की परीक्षाओं का टाइम टेबिल घोषित कर दिया गया है। विद्यार्थियों को इस बार अच्छी तैयारी करनी होगी। अन्यथा उनका परीक्षा परिणाम प्रभावित हो सकता है। बताया जाता है कि बेस्ट ऑफ फाइव योजना बंद होने से शिक्षकों को परीक्षा परिणाम प्रभावित होने का डर सता रहा है। सभी विषयों का कोर्स पूरा कराने के लिए विभाग ने स्कूलों में रिमेडियल कक्षाएं लगाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

### एक विषय फेल फिर पास हो जाते थे विद्यार्थी

बेस्ट फाइव योजना प्रदेश में पिछले पांच वर्षो से लागू थी। माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड ने वर्ष 2017 में बेस्ट फाइव योजना लागू की थी,इसके तहत छः विषयों में से एक विषय में विद्यार्थी यदि फेल भी हो जाता है तो उसे पास कर दिया जाता था। लेकिन अब विद्यार्थी को सभी विषयों में पास होना होगा।

### इनका कहना

अभी मैने आदेश देखा नहीं है,लेकिन इस वर्ष से 10वी और 12 वी के विद्यार्थियों को बेस्ट ऑफ फाइव की योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

## कांग्रेस विधायक का पुत्र गिरफ्तार



**छिंदवाड़ा।** परासिया विधायक सोहनलाल वाल्मीक की पुत्रवधू द्वारा गुरुवार को फाँसी लगकर आत्महत्या की थी। पीएम रिपोर्ट, सुसाइड नोट और मायके पक्ष के बयान के आधार पर परासिया एसडीओपी द्वारा विधायक के पुत्र आदित्य वाल्मीक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। परासिया एसडीओपी जितेंद्र सिंह जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि ipc की धारा 306 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

संशोधित समाचार

## शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छिंदवाड़ा में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिस मेला

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के कौशल विकास संचालनालय द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छिंदवाडा में प्राचार्य सी.बी.उईके के मार्गदर्शन में आज प्रधानमंत्री नेशनल अप्रैंटिस मेला संपन्न हुआ। मेले में 80 प्रतिभागियों का चयन किया गया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छिंदवाडा के प्लेसमेंट ऑफिसर श्री शिव कुमार सनोडिया ने बताया कि आयोजित मेले में 4 कंपनियां शामिल हुईं और साक्षात्कार के लिये 193 प्रतिभागी उपस्थित हुये। साक्षात्कार में 13 महिला प्रतिभागी सहित 80 प्रतिभागियों का प्रारंभिक चयन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती कल्पना सूर्यवंशी, सर्वश्री प्रकाश गेडाम, नवीन सरयाम, कु.ज्योति भलावी और नवीन माहोरे का विशेष योगदान रहा।

## आवासीय पट्टे दिये जाने की उठाई मांग

**छिन्दवाड़ा।** वर्षों से नजूल की भूमि पर निवासरत परिवारों को आवासीय पट्?टे दिलाने जाने की लड़ाई लड़ रहे कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने आज स्थानीय तहसील कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। अनुविभागीय अधिकारी छिन्दवाड़ा के नाम तहसीलदार को प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 मोहरली में 15 परिवार निवासरत है जिन्हें अभी तक आवासीय पट्?टा प्राप्त नहीं हुआ है।कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ अध्यक्ष फिरोज खान के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 9 मोहरली के निवासरत रघुवीर उइके, कृष्णा उइके, सजनलाल, रीना ग्यारसिया व रामप्रकाश सहित अन्य ने नगर पालिक निगम से आवासी पट्?टा दिये जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपते समय फिरोज खान, सपना वर्मा, रसीदा खान, शानू कुरैशी, इरफान मंसूरी व अशफाक कुरैशी सहित अन्य पदाधिकारी व वार्डवासी उपस्थित रहे।

## छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय की महिला फुटबाल टीम ग्वालियर रवाना



**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय महिला फुटबाल टीम का चयन किया गया यह टीम 20 दिसम्बर से ग्वालियर में अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

## पुलिस ने जुआ फड़ में दबिश

**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत नगर के व्यस्ततम क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलते हुए सुरेश एवं मनु वगैरह को सहायक उप निरीक्षक द्वारका पाल मैं पैसे का हार जीत करते हुए धर दबोचा जुआरियाओ के पास से 770 रुपए जप्त कर विवेचना में लिया

### नशा करके वाहन चलने पर पुलिस ने बनाया प्रकरण

अमरवाड़ा शासन के निर्देश अनुसार वाहनों की मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की जा रही है वाहन चेकिंग के दौरान सहायक उप निरीक्षक राघवेंद्र उपाध्याय ने वाहन क्रा एमपी 28 जी 6067 के चालक पवन पिता छेदमी के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण विवेचना में लिया

## डामरीकरण रोड में ठेकेदारी कर रहे खानापूर्ति

### गुणवत्ता हीन कार्य पर कराया गया

### फायर ब्रिगेड से पानी की तराई

**अमरवाड़ा।** नगर में इन दिनों ठेकेदार निर्माण कार्यों में भरी भरकम भ्रष्टाचार कर रहे हैं नगर की धरोहर शिव धाम गरमेटा मंदिर पर रोड लाखों रुपए की बनना है जो सिर्फ 400 मी.बनना है परंतु नगपालिका के कोई भी अधिकारी कर्मचारियों की अनुपस्थिति में सड़क निर्माण हो रहा हे जिसमें प्रारंभिक निर्माण में कई अनियमिताएं की जा रही जैसे रोलर पानी सिंचाई वाइब्रेटर अन उपयोगी मशीनों के बिना ही रोड निर्माण कार्य किया जा रहा है रोड बेस भी मजबूत नहीं है सिर्फ गिट्टी और डस्ट डालकर डामरी करण करने की तैयारी में ठेकेदार देखा जाय तो अधिकारियों कर्मचारियों की मनमानी के चलते ठेकेदार सड़क निर्माण में खानापूर्ति करने पर कोई कसर नहीं छोड़ रहे इसको लेकर पहले भी शिव धाम समिति ने नगर पालिका अधिकारी कर्मचारियों को अवगत कराया था परंतु अधिकारियों ने ठेकेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं की निर्माण विगत कई महीनो से अधूरा है जिससे समस्त शिव भक्तों एवं राहगीरों को आवागवन करने पर कई दुर्घटनाएं से प्रतिदिन गुजरना पड़ रहा है परंतु ठेकेदार और अधिकारी का ध्यान सड़क में न होकर ठेकेदारी की मनमानी की ओर आकर्षित है शिव भक्तों एवं राहगीरों के लिए चुनौती दे रहा है गरमेटा भक्तों में नाराजगी देखी जा रही है समिति के समस्त सदस्यों ने कहा कि सड़क में खानापूर्ति या मशीनों के उपयोग से सड़क निर्माण नहीं होता है तो वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत की जाएगी

## छिंदवाड़ा-पांढुर्ना जिले के भाजपा अध्यक्ष बनने नेता सक्रिय

### भोपाल में सक्रिय हो गए नेता



**छिंदवाड़ा।** विधानसभा में छिंदवाड़ा-पांढुर्ना जिले की हार से भाजपा संगठन दुखी है। जहां प्रदेश में भाजपा को बम्फर सीटें मिली हैं, वहीं पर जिले से सातों सीट हारने का दुःख भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनता को है। अब भाजपा में सर्जरी की तैयारियां चल रही है। क्योंकि दोनों गुटों में एक दूसरे की शिकायतों का दौर चल रहा है। यह सर्वविदित है कि छिंदवाड़ा की सातों सीटें भाजपा गुटबाजी में हारी है। भाजपा अब युवाओं को महत्व दे रही है। जिला भाजपा संगठन में फेरबदल की तैयारी कर रही है। छिंदवाड़ा से भाजपा नेता शंटी बेदी, धर्मेन्द्र मिगलानी, संदीप रघुवंशी एवं टीकाराम चन्द्रवंशी लगे हैं। विगत दिनों भाजपा नेता शंटी बेदी भोपाल में नेताओं नेताओं से मुलाकात की वे समाज सेवा के साथ-साथ युवाओं में भी लोकप्रिय है ये आर्थिक रूप से सक्षम भी हैं, जिला युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष भी रहे है। संदीप रघुवंशी भोपाल में रहते हैं,इनके संघ एवं भाजपा नेताओं से सीधे सम्पर्क हैं। चौरई विधानसभा में रहने वाले संदीप विगत 5 वर्षो से चौरई विधानसभा में सक्रिय हैं। टीकाराम चन्द्रवंशी अमरवाड़ा के हैं, अभी महामंत्री हैं। और कई वर्षो से भाजपा में सक्रिय हैं। छिंदवाड़ा से पांढुर्ना अलग जिला बन गया है। यहां से सौंसर से राहुल मोहोड़ जो नाना मोहोड़ के बेट हैं। एवं जिला भाजपा में उपाध्यक्ष हैं,पांढुर्ना से प्रकाश उइके भी जिला भाजपा अध्यक्ष बनना चाहते हैं। उन्होने विधानसभा चुनाव लड़ा था, किन्तु वे हार गए अब स्थायी राजनीति करना चाहते हैं इसी तरह से राजू परमार भी पूर्व में जिला भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं वे भी पांढुर्ना जिले में भाजपा के जिलाध्यक्ष बनने को तैयार हैं। चुनाव होने के बाद भाजपा ने अभी हार की समीक्षा नहीं की है। प्रदेश में सब कुछ बदल चुका है। मुख्यमंत्री बदल गए हैं अब भाजपा का लक्ष्य छिंदवाड़ा में चुनाव जीतना है,इसीलिए ऐसा नेता जिलाध्यक्ष बनेगा जो सबसे समन्वय बना सकें।

## नन्हे मुन्ने बच्चे आदिवासियों कि संस्कृतियों से रूबरू हुए

### धर्म टेकरी पार्क में उठाया झूला एवं ट्रेन का लुत्फ



छिंदवाड़ा। रविवार को ग्राम मेढावानी के बच्चों से राष्ट्रीय सेवा योजना की टीम ने जब नन्हे बच्चों से रुबरू होकर जिस वात्सल्य के साथ मिले तो देखने वालो को यह अहसास हो गया कि उनके व्यक्तिव्य के कई प्रकार हैं। स्वयं सेवको ने उनके अदांज में बात की नन्हे बच्चों ने अपनी तुतलाती जबान में स्वंय सेवकों से कई रोचक सवाल भी किए। बच्चों के अटपटे सवालो पर अपनी स्निग्ध मुस्कान बिखेरते हुए स्वयं सेवकों ने चटपटे जवाब दिए एवं बच्चों को कई रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारी भी प्रदान की। बच्चों से उनकी पढ़ाई और पसंदीदा खेलों के बारे में भी पूछा। उनके योगा टीचर आनंद वर्मा ने बताया कि बच्चो को सिद्धेश्वर धाम सिहोरा माल, श्री बादल भोई आदिवासी राज्य संग्रहालय छिन्दवाड़ा और धरमतेकड़ी पार्क का भ्रमण किया। आदिवासी संग्रहालय में बच्चों ने अपने जिले के आदिवासी के घर गृहस्थी को जाना साथ ही विभिन्न जनजातियों की संस्कृतियों में शामिल आभूषणों, वेशभुसाओं और उनके विभिन्न प्रक्रम को भी जाना। उसके बाद धरमतेकड़ी पार्क में कई प्रकार के खेल, राइडिंगऔर स्विमिंग पूल में वोट का भी आनंद लिया। पार्क में बच्चे इतने उत्साहित थे मानो कोई पर्व का आयोजन हो रहा हो, उनकी खुशी आसमान पर थी जिसको शब्दों मे व्यक्त नहीं किया जा सकता। बच्चों के साथ मार्गदर्शक और नेतृत्व दल में बलराम उइके, शिवसिंग डेहरिया, नीलेश ब्राम्हने, लोकेश सनोडीया सुरजेश बट्टी, प्रदीप डेहरिया, रवि धुर्वे, प्रतिमा गडरे, दीपिका वन्देवार, प्राची मेहरा, आकांक्षा शुक्ला, और बच्चों को लेकर आए अंकित वर्मा, रामपाल वर्मा,जयपाल वर्मा, और प्रदुम वर्मा ने भी बच्चों के साथ भ्रमण का आंनद उठाया। भ्रमण में दीपांशु वर्मा ,दिव्यांश मस्तकार ,शुभम वर्मा ,सुहाती वर्मा ,अन्नपूर्णा वर्मा ,अंश वर्मा, शीतल वर्मा, रुचि वर्मा, साधना वर्मा ,गौरी वर्मा, अंबिका वर्मा ,नेहा वर्मा, स्नेहा वर्मा ,संतोषी वर्मा ,प्रिया भावरकर, टुकटुक भावरकर, चांदनी वर्मा ,सुमन वर्मा, सरस्वती वर्मा, नैतिक वर्मा ,हार्दिक वर्मा, परी वर्मा, चिंकी वर्मा ,भावेश वर्मा, छुनछुन वर्मा, तनुजा वर्मा, तमन्ना वर्मा, नित्य वर्मा, निभी वर्मा ,चांदनी ,वर्मा विनय वर्मा, सुभाष वर्मा ,खुशी वर्मा करिश्मा वर्मा जानवी वर्मा, दीपावली वर्मा ,दिव्या वर्मा राधा वर्मा ,निराशा वर्मा, अनामिका वर्मा, दीक्षित वर्मा, नैतिक वर्मा ,अनुज वर्मा और युवराज वर्मा सहित अन्य बच्चों ने खूब झूमकर मस्ती किए।

## वाहनों की जांच में 3 वाहनों से वसूला 5500 रूपये जुर्माना शुल्क

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज कुमार तेहनगुरिया द्वारा अपने जाँच दल के साथ छिंदवाड़ा जिले के विभिन्न मार्गों पर नियमित रूप से जाँच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज परिवहन विभाग के जाँच दल द्वारा जिले के उमरेठ-मोरडोंगरी मार्ग पर पहुंचकर सभी वाहनों की बारीकी से जाँच की गईं जिसमें बस संचालक द्वारा यात्रियों से बलपूर्वक अधिक किराया लेने और क्षमता से अधिक सवारी बसों मे बैठाया जाना, वाहनों में किराया सूची नहीं लगी पाये जाने की मिल रही लिखित शिकायतों व सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को देखते हुए अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी तेहनगुरिया के मार्गदर्शन में परिवहन जांच दल द्वारा सवारी बसों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों की फिटनेस संबंधी बारीकी से जाँच की गई जो कि आने वाले समय में निरंतर जारी रहेगी और जिस वाहन में कुछ विशेष खामियां पाई जाती हैं तो उन वाहनों की यथा स्थान सवारी खाली करवाकर उस सवारी वाहन का तत्काल फिटनेस निरस्त किया जायेगा।

## शीतलहर की दस्तक, स्कूलों में ठिठुरे बच्चे



**छिंदवाड़ा।** जिले में ठंड ने दस्तक दे दी है। सोमवार से कपकपाने वाली ठंग प्रारंभ हो गई। दिन भर शीतलहर चलने से ठिठुरन से बचने के लिए लोग ऊनी कपड़ों से लिपटे रहे। हालाकि सबसे अधिक परेशानी बच्चों को हुई उन्हें शीतलहर के बीच स्कूल जाना पड़ा। स्कूल खुलने का समय भले ही सुबह 9 बजे हो गया है लेकिन घर से उन्हें सुबह 8 बजे ही निकलना पड़ता है स्कूल में वे पूरे दिन ठिठुरते रहे। वहीं बाइक चलाने वालों के लिए काफी दिक्कत हुई। हवाओं में चल रही ठंड लहरों से लोग कांपते रहे हैं। कहा जाता है कि पूस माह में ठंड बढ़ जाती है। पुराने लोग पूस माह को घर घूस की संज्ञा देते थे। हाड़ कपा देने वाली ठंड की वजह से पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। बढ़ी ठंड को देखते हुए कई संगठनों ने स्कूलों में अवकाश दिए जाने की मांग की है। साथ नगरपालिक निगम से मांग की गई है कि सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाया जाए। जिससे आमजन को ठंड से राहत मिल सके।

## शासन के आदेश अनुसार संचालित दुकानों का निरीक्षण



**परासिया।** विधानसभा क्षेत्र परासिया शहर के दुकानदारों को खुले में पशु मास तथा मछली के विक्रय पर प्रतिबंध है एवं शासन के आदेशानुसार नगर पालिका ने दिन सोमवार को वार्ड नंबर 3 एवं 4 में संचालित दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के दौरान जो दुकान दार द्वारा खुले में मांस विक्रय किया जा रहा था उसे तत्काल प्रतिबंध कर दुकान बंद करवाई गई तथा नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए आगामी समय में हिदायत दी गई है कि किसी भी दुकानदार के द्वारा खुले में पशु मांस तथा मछली का विक्रय किया जाता है तो उनके ऊपर दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित करते हुए चलानी कार्रवाई की जावेगी उपरोक्त कार्रवाई में मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश बागमारे दीपक राय सेनेटरी इंस्पेक्टर, सलीम खान स्वच्छता पर्यवेक्षक, जगसिंह नायक राजस्व अधिकारी, प्रवीण डहरिया, अश्विनी, श्याम डेहरिया, नितेश साहू,विजय सोनी, एवं निकाय का राजस्व तथा सफाई अमला उपस्थित था।

## अशवंत,अक्षत,पुष्कर,आयुषी, जानवी व समीक्षा बने चैंपियन

### बेडमिंटन स्पर्धा सम्प्पनहुआ उत्कृष्ट खिलाडियों का सम्मान



छिंदवाड़ा। जिला बेडमिंटन संघ द्वारा जिला बेडमिंटन जूनियर, सीनियर महिला पुरूष चेम्पियनशिप 2023 का समापन पुरुस्कार वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर इन्द्रजीत सिंह बैस मुख्य अतिथि के रूप में तथा हाजी एस आई खान,रविकांत अहिरवार ,डॉ अनिल जैन , नवेद खान,पवन मालवीय, राशिद खान, तरुण विश्वकर्मा , सैय्यद अस्सु अली, अज़हर खान खिलाड़ियों को प्रोहोत्साहित करने हेतु विशेष रूप से उपस्थित थे ।इस स्पर्धा में पुष्कर गिरतकर,अशवंत मार्को,अक्षत शुक्ला, अनुज सरवैया,अनुज डेहरिया, अश्वनी कुमार, अनुभव साहू ,जानवी विश्वकर्मा,लक्ष्मी मार्को, समीक्षा कडू, खुशी मालवी, आयुषी मस्तकार, रितिका जैन विजेता रहे इस अवसर पर राट्रीय स्तर पर भाग लेने वाली खिलाड़ी कुमारी समीक्षा कड़ू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया ।संघ के सचिव जावेद खान ने बताया कि चयनित खिलाड़ी आगामी दिनों में आयोजित राज्यस्पर्धा जबलपुर, इंदौर व भोपाल में जिले की टीम की ओर से भाग लेंगें जिन्हें बेडमिंटन संघ द्वारा अच्छी सुबिधायें प्रदान की जावेंगी । उत्कृष्ट खिलाड़ियों को आयोजन समिति की ओर से पुरुस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया ।प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अनिल शर्मा ,तरुण विश्वकर्मा ,पवन मालवीय , अरविंद गिरहितकर ,कोमल साह व ललिता सरवैया ने सहयोग किया निर्णायक की भूमिका में रत्नेश दुबे, अशफ़ाक़ खान,कोमल शाह ,भाविक, निकुंज, अनुज, प्रकृति,सम्बरद्धि व अनुज डेहरिया का सहयोग रहा ।इस अवसर पर अधिकारी गण व बेडमिंटन संघ के पदाधिकारी तथा पालक गण विशेष रूप से खिलाडियों के उत्साहबर्धन हेतु उपस्थित थे । स्पर्धा व कार्यक्रम का संचालन जावेद खान तथा आभार प्रदर्शन रविकांत अहिरवार ने किया।

## विनिमित हुए कर्मियों को नगर निगम महापौर विक्रम अहके ने नियुक्ति पत्र



छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश दिनांक 07 अक्टूबर 2016 एवं 06/10/2023 के निर्देशानुसार आयुक्त नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा श्री राहुल सिंह द्वारा गठित समिति द्वारा दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत एवं माननीय मेयर इन काउंसिल की अनुशंसा अनुसार निर्धारित पात्रता के अनुरूप निकाय के विनियमितिकरण से वंचित दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अशोक साहू , दीपक सोनी, नीरज गोदरे, जयदेव धुर्वे, जय गौहर, अनीश चांडले, को शासन नियम अनुसार विनियमितिकरण का आदेश माननीय महापौर श्री विक्रम अहके, सभापति श्री नदीम अहमद, कार्यालय अधीक्षक श्री मोहन नागदेव के हस्ते प्रदान कर उक्त विनियमित कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी गई।।

## मोदी की गरीब कल्याण योजना से ही विकसित भारत संभव



**छिंदवाड़ा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में चल रही है। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ग्राम पंचायत माल्हनवाड़ा तथा भानादेही कार्यक्रम में पहुंचे इस अवसर पर साहू ने कहा कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनाना है इसलिए हमें इसकी तैयारी आज से ही प्रारंभ करनी होगी। आज भारत दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था है तथा भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) भी दुनिया में सर्वाधिक है। आज भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। पहले देश की गिनती गरीब देश के रूप में होती थी। बिजली, सड़क, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं देश में उपलब्ध नहीं थी परंतु मोदी जी के प्रधानमंत्री बनते ही देश के 2000 गांव को अंधेरा मुक्त किया गया तथा सोलर तथा नाभीकिय उर्जा को भी बढ़ावा दिया गया। देश में प्रतिवर्ष लाखों कि.मी. सड़क, नेशनल हाइवे का काम हो रहा है। रेलवे सुविधा में नेरोगेज एवं मीटरगेज रेलवे पटरियों को ब्राडगेज में परिवर्तित किया जा रहा है तथा वंदेमातरम जैसी तीव्रगति से चलने वाली ट्रेने चलाई जा रही है। मैट्रो रेल का काम भी महानगरों में चल रहा है तथा सिंचाई सुविधाओं के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना लागू की गई है तथा जल परिवहन का कार्य भी लगातार चल रहा है अब हम जल मार्ग से भी एक शहर से दूसरे शहर जा सकते है तथा एम्स की संख्या जो 2009 में 5 थी आज बढ़कर 25 हो गई। देश के हर जिला मुख्यालय में एक मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा इस दिशा में केन्द्र सरकार काम कर रही है। भारत ने कोराना काल के बाद भी अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार किया है। भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल ने कहा कि मोदी जी ने कहा है किसान, युवा, महिला तथा गरीब मेरी दृष्टि में ये चार जातियां है इन चारों वर्गो का उत्थान होने से आने वाले समय में भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा इस हेतु किसान कल्याण के अनेक कार्य किए जा रहे है, महिलाओं को स्वसहायता समूह के माध्यम से लखपति बनाने का काम किया जा रहा है तथा युवा के रोजगार के लिए भी नए अवसरों का सृजन किया जा रहा है तथा गरीबों को 2028 तक निशुल्क राशन देने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है। आने वाले समय में देश का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बनाने के लिए सभी वर्ग संकल्पित हो ऐसा आव्हान किया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर रहे फोकसः कलेक्टर

### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में खराब प्रदर्शन करने वालों को नोटिस



छिन्दवाड़ा। कलेक्टर मनोज पुष्प ने निर्देश दिये हैं कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पात्र हितग्राहियों को केंद्र और राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करके उनसे आवेदन प्राप्त करना जितना महत्वपूर्ण कार्य है, उतना ही महत्वपूर्ण कार्य यथाशीघ्र उन आवेदनों में पात्रता का परीक्षण कर उनका निराकरण करना है। इसके लिए पुख्ता कार्ययोजना बनाकर सभी विभाग कार्य करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर विशेष फोकस रहे। सभी प्रभारी अधिकारी और विभागों के अधिकारी संकल्प यात्रा के शिविरों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। अधिकारियों की नामजद ड्यूटी लगाएं। शिविर आयोजन के पूर्व उस ग्राम पंचायत व नगरीय क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये। जिले में संकल्प यात्रा के लिए 2 ड्रोन प्राप्त हुए हैं, प्रतिदिन व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए किसानों के खेतों में ड्रोन तकनीक के माध्यम से तरल उर्वरक एवं कीटनाशक छिड़काव का प्रदर्शन कर इसके लिए किसानों को प्रेरित करें। कलेक्टर पुष्प कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा के साथ ही सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई प्रकरणों, न्यायालय और विभिन्न आयोगों के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा हुई। सीईओ जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल, अतिरिक्त कलेक्टर के.सी.बोपचे, सहायक कलेक्टर एवं प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सुश्री वैशाली जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, एसडीएम श्री सुधीर जैन, डिप्टी कलेक्टर श्री रमेश कुमार मेहरा, आयुक्त नगरपालिक निगम राहुल सिंह, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया व जिला कोषालय अधिकारी अरुण वर्मा सहित सभी विभाग प्रमुख अधिकारी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि अन्य सभी एसडीएम और खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल थे। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री पुष्प के निर्देशानुसार खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये। उन्होंने सभी अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण पर नियमित रूप से ध्यान देने और ग्रेडिंग सुधारने के लिए निर्देशित किया।



उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने विधानसभा परिसर में स्व. पं. भैयालाल शुक्ला जी की स्मृति में निर्मित माँ भवानी शंकर मंदिर में माता भवानी एवं महादेव के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं सभी के कल्याण की प्रार्थना की।

# कान्हा नेशनल पार्क में वन्य जीवों की गिनती शुरू

**मंडला।** जिले के कान्हा नेशनल पार्क में वन्य जीवों की शीतकालीन गणना का कार्य चल रहा है। वर्ष में दो बार होनी वाली यह प्रक्रिया 17 दिसंबर से प्रारम्भ हुई है जो 7 दिनों तक चलेगी। इसमें शाकाहारी, मांसाहारी वन्यजीवों और गिद्धों की गणना की जाएगी।

इस कार्य के लिए कान्हा टाइगर रिजर्व के 182 बीट में वन कर्मचारियों को तैनात किया गया है। सर्वे गणना के लिए तैनात कर्मचारियों द्वारा एप से ये डाटा सुरक्षित करेंगे। इस गणना के लिए कान्हा और वन विभाग के वनरक्षक, वनपाल, सुरक्षा कर्मी समेत अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

बताया गया कि सात दिवसीय गणना में प्रथम तीन दिन 17 से 19 दिसम्बर तक बाघ, तेन्दुआ एवं अन्य मांसाहारी वन्यप्राणियों की गणना की जाएगी। इसके पश्चात् के तीन दिन 20 से 22 शाकाहारी वन्यप्राणी जिसमें चीतल, सांभर, बार्किंग डियर, बारासिंघा, नीलगाय आदि की गणना कार्य किया जाएगा। वन्यप्राणियों की सर्वे गणना प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक अवलोकन किया जाएगा।



### ऐसे होगी गणना

मांसाहारी वन्य प्राणियों की गणना के लिए कर्मचारियों को पांच-पांच किमी जंगल में घूम कर पग मार्क और चिन्हों के साथ साक्ष्यों को एप में एकत्रित करेंगे और शाकाहारी वन्य प्राणियों की गणना के लिए ट्रांजिट लाइन में घूमना होगा। इसके साथ ही वन्य प्राणियों की फोटो लेना होगा और इसके बाद एक दिन गिद्ध गणना की जाएगी।

# जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव अब मतपत्र से ही होंगे, रविंद्र तिवारी मुख्य चुनाव अधिकारी



**भोपाल।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव 8 जनवरी को होने जा रहे है जिसको ईवीएम से कराए जाने का निर्णय लिया था परंतु कई उम्मीदवारों ने ईवीएम की तकनीक पर सवाल उठाए उस पर चुनाव समिती और वरिष्ठ अधिवक्ताओं की बैठक मुख्य चुनाव अधिकारी रवींद्र तिवारी ने अधिवक्ता सभागार में बुलाई और आपत्ति आवेदनों पर गहन विमर्श किया वरिष्ठ अधिवक्ता बी पी श्रीवास्तव राजेंद्र बब्बर . राकेश गोहिल .आई बी शास्त्री .यश विद्यार्थी जी. के छिब्बर ने विचार व्यक्त किए। अंत में मुख्य चुनाव अधिकारी ने निर्णय लिया की ईवीएम से चुनाव नही किया जाकर पूर्व की तरह मतपत्र से होगा। आज 19 दिसंबर को नामांकन फार्म की जांच होगी 20 दिसम्बर को दोपहर 1 से 4 बजे शाम तक नाम वापसी का समय है 22 दिसम्बर को उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। 4 एवम 5 जनवरी को टेंडर वोट डाले जा सकते है मतदान 8 जनवरी को प्रातः 8 से शाम 5.30 तक होगा मत गणना 9 जनवरी से होगी।

# मुख्यमंत्री को कटनी कलेक्टर के आदेश को निरस्त करने की मांग का ज्ञापन सौंपा

### सात कर्मचारियों को कटनी कलेक्टर ने किया है अनिवार्य सेवानिवृत्त

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव 2023 के चुनाव ड्यूटी में अनुपस्थित रहे कर्मचारियों को कटनी कलेक्टर द्वारा अनिवार्य सेवानिवृत्ति करने के आदेश जारी किए गए हैं कलेक्टर के अनिवार्य सेवा निवृत्त करने वाले आदेश का मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने पुरजोर विरोध किया है तथा आदेश को निरस्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है।

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि इतिहास में पहली बार कलेक्टर द्वारा चुनाव ड्यूटी न करने के कारण कर्मचारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति करने का निर्णय लिया है कटनी जिले के अनिवार्य सेवानिवृत्ति किए गए सात कर्मचारियों नंदू लाल चौधरी उच्च श्रेणी शिक्षक ए एस चौहान उच्च श्रेणी शिक्षक नागेंद्र कुमार मिश्रा माध्यमिक शिक्षक विशाली राम कोल सहायक शिक्षक नारायण सिंह मरावी सहायक शिक्षक भाग सिंह गौड़ प्राथमिक शिक्षक दुर्गा प्रसाद बर्मन भृत्य ने अस्वस्थता के कारण मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत किया था और चुनाव ड्यूटी करने में असमर्थता जाहिर करी थी कलेक्टर ने चुनाव संपन्न होने के 13 दिन बाद 30 अक्टूबर 2023 को जिला शिक्षा अधिकारी कटनी को आदेश जारी कर निर्देश दिए हैं कि चुनाव ड्यूटी न करने वाले कर्मचारियों को मध्य प्रदेश शासन के 6/7/2019 के आदेश के तहत 20 साल की सेवा या 50 साल की उम्र होने पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति किया जाए कलेक्टर के आदेश के पालन में जिला शिक्षा अधिकारी कटनी ने शिक्षा विभाग के सातो कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी न करने के कारण अनिवार्य सेवा निवृत्त करने के आदेश 16/12/2023 को जारी कर दिए हैं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के कार्यकाल में निकाले गए उक्त आदेश का वर्ष 2019 में भी कर्मचारियों द्वारा पुरजोर विरोध किया गया था जिस कारण सरकार ने अनिवार्य सेवा निवृत्त करने वाले आदेश के पालन में अनौपचारिक रूप से रोक लगा दी थी लेकिन कटनी कलेक्टर ने 4 साल पुराने शासन के आदेश को कर्मचारियों के विरोध में कार्यवाही करने के लिए हथियार बना लिया है कर्मचारी मंच कटनी कलेक्टर के तुगलकी फरमान से प्रदेश के मुख्यमंत्री को अवगत कराया है तथा कटनी कलेक्टर द्वारा जारी किए गए अनिवार्य सेवानिवृत्ति करने वाले आदेश तत्काल निरस्त करने की मांग करी है।

# सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में मनाई पार्टी





**भोपाल।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की कोर एरिया में पार्टी मनाने का मामला सामने आया है। एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें प्रदेश के पूर्व मंत्री की आवभगत में वन हमला जुटा नजर आ रहा है। इस मामले को लेकर आरटीआइ कार्यकर्ता अजय दुबे ने पीसीसीएफ (प्रधान मुख्य वन संरक्षक) को शिकायत की है, जिसमें सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर एल कृष्णमूर्ति की लापरवाही को बताया गया है। साथ ही वन प्राणियों व वन संपदा की सुरक्षा को खतरा भी बताया गया है। मामले को लेकर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने फिलहाल कुछ भी कहने से इंकार किया है।

वहीं पार्टी के जो वीडियो सामने आए हैं, उसमें स्पष्ट नजर आ रहा है कि जंगल क्षेत्र में नान-वेज पकाया जा रहा है। लोगों के खाने-पीने की व्यवस्था की गई है। बताया जा रहा है कि वीडियो 15 से 18 दिसंबर के बीच का है। वीडियो में मध्य प्रदेश शासन के पूर्व वन मंत्री विजय शाह अपने एक दोस्त के साथ नजर आ रहे हैं। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में मनी इस पार्टी को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### प्रतिबंधित क्षेत्र में पकाया जा रहा भोजन

दरअसल जिस जगह पर यह पार्टी मनाए जाने की बात हो रही है वह पूरी तरह से प्रतिबंधित क्षेत्र है, जहां पर आम आदमी नहीं जा सकता। वन्य प्राणियों की सुरक्षा का भी खतरा यहां रहता है। वीडियो में स्पष्ट नजर आ रहा है कि आग जलाई जा रही है। बर्तनों में भोजन पकाया जा रहा है। निजी वाहन भी नजर आ रहे हैं। सूत्रों की माने तो चिकन, दाल-बाटी यहां पर पकाए गए है। शिकायत मिलने के बाद प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के संचालक एल कृष्णमूर्ति से जवाब तलब किया है।

### वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट ने शिकायत में कहा-

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में फील्ड डायरेक्टर एल. कृष्णमूर्ति के संरक्षण में वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन लगातार जारी है। फील्ड डायरेक्टर अक्सर ड्ढूक्कलोगों को नियम कानून तोड़कर सुविधाएं प्रदान करते हैं। पहले भी शिकायतें हुईं, लेकिन ठोस कदम नहीं उठाए गए।

मुझे स्थानीय सूत्रों ने बताया कि पिछले हफ्ते विधायक विजय शाह और उनके मित्र प्रतिबंधित पर्यटन क्षेत्र में बाघ देखने गए। वन विभाग की गाड़ियां बाघ के नजदीक लगाई गईं। यह गंभीर लापरवाही है। विधायक के स्वागत में रिजर्व एरिया में आग जलाकर चूल्हे में चिकन पकाया गया।

# गुजरात से भोपाल पदयात्रा करते हुए पहुचे सुन्दरसाथजी



श्री 5 पद्मावती पुरी धाम पन्ना जी में 24 दिसंबर से साप्ताहिक 1200 पारायण प्रारंभ होने जा रही है। इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने हेतु गुजरात, दाहोद से 51 सुन्दरसाथजी 7 सितंबर से पैदल निकले थे जो शनिवार को भोपाल में श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर पहुचे। यहां सभी स्थानीय सुन्दरसाथजी ने इन सभी श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर संस्थापक सदस्य पंडित भीखराज त्रिपाठी, महंत पंडित रूपराज शर्मा, पुजारी अमरनाथ शर्मा, विदुषी मीना त्रिपाठी, नरेंद्र मोहन शर्मा, श्रीकांत शर्मा, पंडित रजनीश त्रिपाठी, डॉ अतुल दुबे, सत्यभूषण शर्मा, संदेश शर्मा, नवीन शर्मा, प्रवीण शर्मा, राजकुमार दुबे, पन्ना लाल द्विवेदी के साथ भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी मंदिर सचिव पंडित मम्तेश शर्मा ने दी।

# मप्र में सर्द हवाओं का कहर, 15 से ज्यादा शहरों में न्यूनतम पारा 10 डिग्री से नीचे



**भोपाल।** उत्तर भारत में बर्फ पिघलने का असर मध्यप्रदेश में भी दिखाई दे रहा है। 10किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आ रही सर्द हवाओं ने प्रदेश में ठिठुरन बढ़ा दी है। प्रदेश के 15 से ज्यादा शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। दतिया की रात सबसे सर्द रही। यहां न्यूनतम पारा 6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। पचमढ़ी में यह 7.2 डिग्री रहा। सबसे ज्यादा न्यूनतम पारा टीकमगढ़ में 13.5 डिग्री रहा।

दिन के तापमान में भी गिरावट आई है। सोमवार को 23 शहरों में दिन का टेम्प्रेचर 25 डिग्री के नीचे रहा। पचमढ़ी 19 डिग्री तापमान के साथ प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। मलाजखंड दूसरा सबसे ठंडा शहर रहा। इंदौर में एक ही दिन में 4.2 डिग्री की गिरावट हुई। यहां 23 डिग्री टेम्प्रेचर दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पहाड़ों पर बर्फबारी हुई है। अब बर्फ पिघल रही है। वहां से आ रही हवा के कारण मौसम में ठंडक घुल गई है। मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि आने वाले दो से तीन दिन तक मौसम का असर ऐसा ही रहेगा। रात के टेम्प्रेचर में और भी गिरावट हो सकती है।

### 22-23 दिसंबर को बारिश का अनुमान

मौसम वैज्ञानिक हुसैन ने बताया कि 22-23 दिसंबर को वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश का अनुमान है। तब तक ठंड का असर बना रहेगा। सोमवार को कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन की जनरल बोगी में एक यात्री का शव इटारसी से दमोह तक 303 किमी सफर करता रहा। ठंड में अटैक से युवक की मौत हो चुकी थी, लेकिन उसके कान में ईयर फोन लगे थे और शव कुर्सी पर कुछ इस तरह से रखा रहा कि दूसरे यात्री उसे नींद में समझते रहे। बाद में यात्रियों ने जबलपुर कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद शव स्टेशन पर उतारा गया। मृतक युवक बैतूल निवासी वसीम (33) पिता अब्दुल सलीम खान बताया गया है।

# भोपाल-दाहोद समेत 34 ट्रेनें निरस्त, एक का मार्ग बदला

**भोपाल।** रतलाम-उज्जैन होकर चलने वाली भोपाल-दाहोद-भोपाल एक्सप्रेस समेत 27 दिसंबर से 6 जनवरी तक की 34 एक्सप्रेस ट्रेनों को रेलवे ने निरस्त कर दिया है, जबकि इसी दौरान दो अन्य ट्रेनों को मार्ग बदलकर चलाया जाएगा। इनमें 30 दिसंबर व 1जनवरी को 19713/14 जयपुर-कर्नूल सिटी-जयपुर एक्सप्रेस है, जो वाया सवाई माधोपुर-सोगरिया-बीना -भोपाल होकर चलेगी।

इसका कारण पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग का काम है। निरस्त और डायवर्ट की गई ट्रेनों के शेड्यूल को रेलवे हेडक्वार्टर ने परमिशन दे दी है। इसके बाद रेलवे ने यात्री सुविधा के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके साथ ही रेलवे ने कहा है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे पूछताछ सेवा 139 से या एनटीईएस ऐप पर गाड़ी की सही? जानकारी लेकर ही यात्रा करें।

**इन ट्रेनों को किया निरस्त:** 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक 19340 भोपाल-दाहोद एक्सप्रेस, 29 दिसंबर से 6 जनवरी तक 19339 दाहोद-भोपाल एक्सप्रेस, 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक 19343 इंदौर-सिवनी पंचवैली एक्सप्रेस, 29 दिसंबर से 6 जनवरी तक 19344 छिंदवाड़ा-इंदौर पंचवैली एक्सप्रेस, 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक 19323 डॉ.आंबेडकर नगर-भोपाल एक्सप्रेस, 29 दिसंबर से 6 जनवरी तक 19324 भोपाल-डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस, 27 दिसंबर से 4 जनवरी तक 19711 जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस, 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक 19712 भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस, 27 दिसंबर, 3 जनवरी को 22467 वाराणसी-गांधीनगर एक्सप्रेस, 28 दिसंबर, 4 जनवरी को 22468 गांधीनगर-वाराणसी एक्सप्रेस, 28 दिसंबर की 14116 प्रयागराज जंक्शन-डॉ.आंबेडकर नगर एक्सप्रेस, 29 दिसंबर की 14115 डॉ. आंबेडकर नगर-प्रयागराज जंक्शन, 27 दिसंबर, 1 व 3 जनवरी को 12720 हैदराबाद-जयपुर एक्सप्रेस, 29 दिसंबर, 3 व 5 जनवरी को 12719 जयपुर-हैदराबाद एक्सप्रेस, 30 दिसंबर को 17020 हैदराबाद-हिसार एक्सप्रेस, 2 जनवरी को 17019 हिसार-हैदराबाद एक्सप्रेस, 31 दिसंबर को 20415 वाराणसी-इंदौर एक्सप्रेस, 2 जनवरी को 20416 इंदौर-वाराणसी एक्सप्रेस, 28 दिसंबर, 2 व 4 जनवरी को 20413 वाराणसी-इंदौर एक्सप्रेस, 29 दिसंबर, 3 व 5 जनवरी को 20414 इंदौर-वाराणसी एक्सप्रेस, 28 दिसंबर, 4 जनवरी को 22175 नागपुर-जयपुर एक्सप्रेस, 29 दिसंबर व 5 जनवरी को 22176 जयपुर-नागपुर एक्सप्रेस, 28 व 31 दिसंबर, 2 व 4 जनवरी को 11703 रीवा-डॉ. आंबेडकर नगर,



29 दिसंबर, 1 से 5 जनवरी तक 11704 डॉ.आंबेडकर नगर-रीवा एक्सप्रेस, 29 दिसंबर को 02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस, 30 दिसंबर से 02133 बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर एक्सप्रेस स्पेशल, 29 दिसंबर की 07115 हैदराबाद-जयपुर एक्सप्रेस, 31 दिसंबर को 07116 जयपुर-हैदराबाद एक्सप्रेस, 30 दिसंबर की 04715 बीकानेर-साईं नगर शिर्डी एक्सप्रेस, 31 दिसंबर को 04716 साईं नगर शिर्डी-बीकानेर एक्सप्रेस, 30 दिसंबर को 09715 हिसार-तिरुपति एक्सप्रेस स्पेशल, 2 जनवरी को 09716 तिरुपति-हिसार एक्सप्रेस, 30 दिसंबर की 20973 फिरोजपुरछावनी-मंडपम एक्सप्रेस 2 जनवरी की 20974 मंडपम-फिरोजपुर छावनी एक्सप्रेस।

# मंदसौर में 87 करोड़ के राशन घोटाले में कोर्ट ने 11 दोषियों को सुनाई सजा

**मंदसौर।** मंदसौर में 18 साल पुराने 87 करोड़ रुपए से ज्यादा के राशन घोटाले में भाजपा नेता को पत्नी समेत जेल की सजा सुनाई गई। सोमवार को किशोर कुमार गेहलोत की विशेष कोर्ट ने ये फैसला सुनाया। कोर्ट ने इस मामले में 4 पुरुष और 7 महिला आरोपियों को दोषी करार दिया है। राशन घोटाला 2002 में सामने आया था। जांच के बाद 2005 में मामला कोर्ट में पहुंचा। जिसमें सोमवार को सुनवाई हुई।

कोर्ट ने 4 पुरुष आरोपियों को 5-5 साल और 7 महिला आरोपियों को 4-4 साल जेल की सजा सुनाई। हर आरोपी पर 4 लाख 61 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। इस मामले में कुल 16 आरोपी थे। इनमें पांच आरोपियों की मौत हो चुकी है। करीब 18 साल कोर्ट में सुनवाई के दौरान 252 पेशी हुई। इन सभी पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को बांटे जाने वाली खाद्य सामग्री गेहू आदि को खुले बाजार में बेचने का दोषी पाया गया।

राशन घोटाले के मुख्य आरोपी राजेंद्र सिंह गौतम और इनकी पत्नी योगेश देवी है। गौतम और उनकी पत्नी उस समय जिला सहाकरी उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ कांग्रेस नेता थे। वर्तमान में राजेंद्र गौतम भाजपा नेता और जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष है। वहीं महमूद मंसूरी तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी थोक उपभोक्ता भंडार के पद पर पदस्थ थे।

इन आरोपियों को सजा: राजेन्द्र सिंह गौतम (68), मेहमूद पिता इब्राहिम मंसूरी (66), रामचंद्र दरक (65), नजमा पति लियाकत हुसैन (52), शीला देवी शर्मा (62), रमादेवी राठौर (50), राखी राठौड़ (48), मालती देवी सोनी (64), योगेश देवी गौतम (66), हेमा पति हेमंत कुमार हिंगड (57), हेमंत पिता मिश्रीलाल हिंगड (60)।



### सरकारी गेहूं को वीआईपी ब्रांड का लेबल लगाकर बेचा

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा ने बताया कि 24 जुलाई 2002 को थाना प्रभारी अनिल सिंह राठौर को मुखबिर से सूचना मिली थी। उसने बताया था कि सहकारी बाजार मंदसौर का कर्मचारी रामचंद्र दरक सिविल आपूर्ति निगम से शासकीय गेहूं को ट्रक में भरकर शांतनु कॉम्पलेक्स में वीरेंद्र जैन के क्लीनिंग मिल में जेठानंद सिंधी को बेच रहा है। वो सरकारी गेहूं के 50-50 किलो के कट्टों में वीआईपी ब्रांड लगाकर अवैध लाभ कमा रहा है। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके पर जेठानंद सिंधी और मुश्ताक को पकड़ा। पुलिस ने गेहूं से भरे ट्रक को जब्त कर केस दर्ज किया था।

### जांच में षड्यंत्र का हुआ खुलासा

पुलिस ने जांच के दौरान पाया था कि भाजपा नेता राजेंद्र सिंह गौतम, उनकी पत्नी समेत सभी आरोपियों ने गरीबों को बांटे जाने वाले राशन को गरीब लोगों का नहीं बांटा। इन लोगों ने राशन को खुले बाजार में मर्चेंट जेठानंद सिंधी को बेच दिया। इसके लिए आरोपी भारतीय खाद्य निगम का मार्का लगी बोरियों को पलटकर उन पर वीआईपी और अन्य ब्रांड का लेबल लगाते थे।

### गबन कर सरकार को लगाई करोड़ों रुपए की चपत

आरोपियों ने साजिश के तहत 87 करोड़ 83 लाख 92 हजार 28 रुपए की आर्थिक अनियमितता की। सरकारी गेहूं को खुले बाजार में बेचकर 35 लाख 83 हजार 596 रुपए का गबन किया और लोकसेवा पद का दुरुपयोग कर शासन को करोड़ों रुपए की आर्थिक हानि पहुंचाते हुए भ्रष्टाचार किया।


तारण समाज में मानवता की सेवा के पथ पर एक और कदम देह दानी श्रीमती कुसुम जैन धर्मपत्नी सोभाग्य मल जैन एवं राकेश,रोहित, रितेश जैन की पूज्यनीय माता जी (गरेठा वाले) सोना गिरी भोपाल का देहावसान हो गया है परिवार ने देहदान आज दिनांक18-12-2023 को महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइ सेज रिसर्च संस्थान,/मेडिकल कॉलेज में देहदान कर दिया हैं

समस्त कार्यकृम दिनाँक-20-12-2023,
दिन - बुधवार को संपन्न होंगे

**कार्यक्रम**

प्रात~9.30 बजे जिनवाणी दर्शन श्री चैत्यालय जी मंगलवारा तत्पश्चात श्री चंदा प्रभु मंदिर धर्मशाला से श्रद्धांजलि सभा, आहार दान एवं समस्त कार्यक्रम संपन्न होंगे

**शोकाकुल परिवार**

सिरेमल तारण ,रमेश तारण, सोभाग्य मल, ,देवेंद्र तारण, आनंद तारण विजय तारण, दिनेश तारण ,प्रमोद तारण, दीपक तारण धर्मेंद्र तारण,संजीव तारण, राकेश तारण,रोहित तारण,रितेश तारण एवं समस्त सवाई सेठ गरेठा परिवार भोपाल

**विनम्र श्रद्धांजलि**

सवाई सेठ गरेठा वाला परिवार की मानवता के प्रति सेवा के भावनाओं को नमन